# जिला मुख्यालय मध्य क्षेत्र में बनाने संघर्ष समिति का महाबंद सफल

## विधायक डा. ध्रुव ने कहा- प्रतिनिधिमंडल लेकर सीएम से मिलूंगा, परिणाम सुखद होगा



**अखिलेश नामदेव**

गौरेला पेंड्रा मरवाही, 11 अगस्त (देशबन्धु)। गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले का मुख्यालय मध्य क्षेत्र में ही बनना चाहिए क्योंकि यह जन भावना है। मैं इस मामले में जनभावना के साथ हूं क्योंकि मैं यहां का विधायक हूं। मैं जन भावना की मांग को देखते हुए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को लेकर हमारे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के पास जाऊंगा तथा उन्हें इस मामले में जन भावना से अवगत कराउंगा। हमारे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अत्यंत संवेदनशील है तथा वे जन भावना को भलीभांति समझते हैं मुझे विश्वास है कि मैं उन्हें जन भावना के अनुरूप मना लूंगा।

उक्त बातें मरवाही विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक डॉक्टर के के ध्रुव ने सर्वदलीय संघर्ष समिति मरवाही विधानसभा क्षेत्र द्वारा आयोजित महाबंद के विकासखंड मुख्यालय मरवाही में 11 अगस्त को आयोजित धरना प्रदर्शन में कही। मरवाही विधायक डॉक्टर के के ध्रुव ने आगे कहा कि मैं जनता से बड़ा नहीं हूं और देख रहा हूं कि जिला मुख्यालय मध्य क्षेत्र में बनाने को लेकर पूरे मरवाही विधानसभा क्षेत्र का जन समुदाय सरपंच पंच ग्रामीण जनप्रतिनिधि एवं नागरिक एक मंच पर है। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त के बाद हमारा प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिलकर जन भावना से अवगत कराकर उन्हें जिला मुख्यालय मध्य क्षेत्र में बनाने के लिए मना लेगा। महाबंद अवसर पर आयोजित धरना प्रदर्शन में मरवाही विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न दलों के नेताओं ने जिला मुख्यालय मध्य क्षेत्र में बनाने की वकालत की। उल्लेखनीय है कि 11 अगस्त को सर्वदलीय संघर्ष समिति विधानसभा मरवाही द्वारा गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले का कलेक्ट्रेट एवं कंपोजिट बिल्डिंग मध्य क्षेत्र में बनाने की मांग को लेकर आयोजित महाबंद को पूरे मरवाही विधानसभा क्षेत्र में व्यापक असर देखने को मिला, जहां जिले के 2 सबसे बड़े साप्ताहिक हाट बाजार मरवाही एवं कोटगार पूरी तरह संस्कृत बंद रहे तो व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद कर व्यापारियों ने भी बंद को समर्थन दिया। सर्व दलीय संघर्ष समिति का महा बंद के चलते मरवाही विधानसभा एवं गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले का सबसे दूरस्थ अंचल बस्ती बगरा से लेकर टिकठी, बरौर ,निमधा,सिवनी,कोटमी, दानी कुंडी जैसे बड़े गांव के अलावा सड़क के किनारे स्थित छोटे-छोटे गांव में बैंड का असर रहा और दुकान बंद रही।महाबंद का व्यापक असर देखते हुए बाद में कांग्रेस से मरवाही विधायक के के ध्रुव सहित उनके समर्थक बंद में आकर न सिर्फ शामिल हुए बल्कि रैली में शामिल होकर ज्ञापन भी सौंपा। गौरेला पेंड्रा मरवाही जिला गठन के 2 साल बाद गुरुकुल सेनेटोरियम में बना रहे कलेक्ट्रेट एवं कंपोजिट बिल्डिंग के निर्माण को लेकर जिले के पंचायत प्रतिनिधियों विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों में उत्पन्न विरोधाभास की परिणिति स्वरूप आज 11 अगस्त को संपूर्ण मरवाही विधानसभा क्षेत्र के बंद का आह्वान सर्वदलीय संघर्ष समिति द्वारा किया गया है तथा विकासखंड मुख्यालय मरवाही में धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। इस महाबंद का असर विकासखंड मुख्यालय मरवाही सहित दानीकुंडी के शुक्रवार साप्ताहिक बाजार पर विशेष रूप से देखा गया, आदिवासी अंचल के सबसे बड़े साप्ताहिक बाजार में आज सन्नाटा पसरा हुआ था, वही मरवाही विकासखंड मुख्यालय की दुकानें साप्ताहिक बाजार के दिन भी आश्चर्यजनक रूप से बंद थी, महाबंद के समर्थन में मरवाही विधानसभा क्षेत्र के गांव-गांव में दुकान बंद थी तथा लोगों ने स्वस्फूर्त इस महाबंद को समर्थन दिया , वही मरवाही विकासखंड मुख्यालय में सर्वदलीय संघर्ष समिति मरवाही विधानसभा क्षेत्र द्वारा धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया।

जिसमें सत्तासीन कांग्रेस के ज्यादातर वरिष्ठ पदाधिकारी सहित मरवाही के कांग्रेस विधायक डॉक्टर के के ध्रुव अपने सभी समर्थकों के साथ धरना स्थल पर मंच पर बैठे। सर्वदलीय धरना प्रदर्शन होने के कारण भाजपा एवं छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जोगी के नेता एवं कार्यकर्ताओं सहित मरवाही विधानसभा क्षेत्र के अधिकांश पंचायत प्रतिनिधियों जिला पंचायत सदस्य जनपद सदस्य सरपंच एवं पंचगण सहित ग्रामीणों का समर्थन पहले से मिला हुआ था परंतु जिला मुख्यालय मध्य क्षेत्र में बनाने की मांग को लेकर जिस तरह से मरवाही विधायक डॉक्टर के के ध्रुव महाबंद के समर्थन में आए। उसने आंदोलन में एक नई जान आ गई है। वही मरवाही विधायक डॉक्टर के के ध्रुव के महाबंद के समर्थन में आने पर सर्वदलीय संघर्ष समिति में पहले से सक्रिय मरवाही के पूर्व विधायक बलवान सिंह मरावी ने वर्तमान विधायक डॉक्टर के के ध्रुव पर तंज कसते हुए कहा कि जब पूरा दावनल फैल चुका है तब विधायक आंदोलन में आ रहे हैं मरवाही विधायक अभी तक आंदोलन में क्यों नहीं शामिल थे इसका जवाब वही देंगे।

# किसानों को संसदीय सचिव ने वितरित किए कृषि यंत्र



**तखतपुर,** 11 अगस्त ( देशबन्धु) । ग्राम बुटेना में जिला खनिज न्यास निधि योजना के अंतर्गत लाभान्वित किसानों को कृषि यंत्र उपकरण वितरण संसदीय सचिव एवं विधायक श्रीमती रश्मि सिंह द्वारा किया गया।

ग्राम पंचायत बुटेना में इस कृषि उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया था जहां विधायक डॉ. रश्मि सिंह ने बैटरी आपरेटेड स्पेयर पम्प ,सोलर पैनल फिटेड वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. रश्मि सिंह ने किसानों को कृषि उपकरण वितरण करते हुए कहा कि शासन के इस योजना का ग्रामीण किसान भरपूर लाभ उठाकर इन नि:शुल्क मिलने वाली कृषि उपकरणों का सही समय में उपयोग करें और अधिक लाभ पाएं। कृषि के क्षेत्र में उन्नत तकनीक अपनाकर पैदावार बढ़ाए और अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करें छत्तीसगढ भूपेश बघेल सरकार की मंशा है कि जब किसान खुशहाल है तो प्रदेश स्वमेव खुशहाल होगा। किसानों को हर दृष्टि से समृद्धि किया जा रहा है। आयोजित उपकरण वितरण शिविर में जिला पंचायत सभापति जितेंद्र पांडेय, जनपद सदस्य योगेश्वर साहु, सरपंच परमेश्वर साहू, सरपँच मेड़पार दिलहरन निषाद, सरपँच बोड़सरा सौखिलाल मरावी, मनोज साहू, सरपँच बुटेना लाला पटेल, लतेलु राम यादव, दिलीप यादव, सरपँच शुशीला मरावी, सरपँच दूरजराम कुर्रे, नरेश पटेल, प्रह्लाद, जितेंद्र ,दीपक यादव, सियाराम साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**वार्षिक रख-रखाव अनुबंध हेतु निविदा सूचना**

क्र.सं. (1) निविदा सूचना संख्याः 133-एसटी-टेंडर-2023 दिनांक : 01.08.2023.
कार्य : "दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर आईपी आधारित वीडियो निगरानी प्रणाली, नेटवर्क योग्य एक्स-रे बैगेज सिस्टम से युक्त एकीकृत सुरक्षा प्रणाली के पहले, दूसरे और तीसरे वर्ष के लिये विस्तृत वार्षिक रखरखाव अनुबंध"।
निविदा मूल्य : ₹ 18,00,000/- (रूपये अठारह लाख मात्र)। अमानत राशि : ₹ 36,000/- (रूपये छत्तीस हजार मात्र), निविदा का जमा होनाः 24.08.2023 के 15:00 बजे तक। उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी http://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

वरि. मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर/लाइन
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर
CPR/10/177
South East Central Railway @secrail

**NECC**

| 12.08.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 4.42 | 60 | 155 |
| चिल्हर | 5.50 | 75 | 180 |

डिलीवरी 4.97 सैकड़ा
दर्जन अंडा 66 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

# रेलवे स्टेशनों में प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र स्थापित होंगे

## जांजगीर नैला स्टेशन को पीएमबीजेके के लिए चयन

**बिलासपुर**,11 अगस्त ( देशबन्धु) ।रेलवे स्टेशनों पर आने वाले यात्रियों के स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ाने के प्रयास में, भारतीय रेलवे ने स्टेशनों के सर्कुलेटिंग क्षेत्रों और कॉन्कोर्स में प्रधान मंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र (पीएमबीजेके) स्थापित करने के लिए एक नीतिगत ढांचे की संकल्पना की है, जो लाइसेंसधारियों द्वारा संचालित किया जाएगा । पायलट प्रोजेक्ट के लिए 50 स्टेशनोंकी पहचान की गई है , जिसमे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का जांजगीर नैला स्टेशन भी शामिल है ।

लाखों दैनिक आगंतुकों और यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, भारतीय रेलवे अपने स्टेशनों पर लगातार सुविधाओं और सुविधाओं का उन्नयन कर रहा है । रेलवे स्टेशनों पर पीएमबीजेके स्थापित करने के उद्देश्य सभी को सस्ती कीमत पर गुणवत्तापूर्ण दवाएं और उपभोग्य वस्तुएं (जनऔषधि उत्पाद) उपलब्ध कराने के भारत सरकार के मिशन को बढ़ावा देना है । रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों/आगंतुकों को जनऔषधि उत्पादों तक आसानी से पहुंचने में सक्षम बनाना है ।सस्ती कीमतों पर दवाएँ उपलब्ध कराकर समाज के सभी वर्गों के बीच कल्याण और कल्याण को बढ़ाना है ।रोजगार के अवसर पैदा करने और पीएमबीजेके खोलने के लिए उद्यमियों के लिए नए रास्ते तैयार करना है । इस योजना के तहत, पीएमबीजेके को च्वांछनीय यात्री सुविधाज माना जाएगा और तदनुसार, रेलवे वाणिज्यिक आधारों पर लाइसेंसधारियों द्वारा संचालन के लिए स्टेशनों के परिचालित क्षेत्रों और उपनगरों में निर्मित आउटलेट प्रदान किया जाएगा । आउटलेट सुविधाजनक स्थानों पर सर्कुलेटिंग एरिया/कॉनकोर्स में स्थित होंगे ताकि आने वाले और बाहर जाने वाले दोनों यात्रियों को लाभ हो ।रेलवे मंडलों द्वारा चिन्हित स्थानों पर लाइसेंसधारियों द्वारा पीएमबीजेके की स्थापना और संचालन किया जाएगा । आईआरईपीएस के माध्यम से संबंधित रेलवे मंडलों की तरह ई-नीलामी द्वारा स्टॉल प्रदान किए जाएंगे ।इन स्टॉलों को एनआईडी अहमदाबाद द्वारा डिजाइन किया जाएगा ।पीएमबीजेके आउटलेट के सफल बोलीदाताओं को दवा की दुकान चलाने के लिए आवश्यक अनुमति और लाइसेंस प्राप्त करना होगा और दवाओं के भंडारण के लिए सभी वैधानिक आवश्यकताओं का पालन करना होगा ।

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, बैकुण्ठपुर**
**जिला- कोरिया (छ.ग.)**
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

इस कार्यालय के निविदा सूचना क्रमांक 06/ वलेलि/ 2023-2024 सिस्टम निविदा क्रमांक 140401 एवं निविदा सूचना क्रमांक 07/ वलेलि / 2023-2024 सिस्टम निविदा क्रमांक 140403 दिनांक 05.07.2023 (प्रथम आमंत्रण) द्वारा विज्ञापन क्रमांक जी 03069 के माध्यम से खरला व्यपवर्तन योजना के नहर उन्नयन कार्य अनुमानित लागत रू. 414.26 लाख एवं उधनापुर जलाशय योजना के नहर उन्नयन कार्य अनुमानित लागत रू. 338.98 लाख हेतु आनलाईन निविदा आमंत्रित की गई थी। उक्त निविदाओं को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

(ए.टोप्पो)
कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग बैकुण्ठपुर
जिला कोरिया (छ.ग.)
कृते- मुख्य अभियंता
हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग
अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)
जी- 04215/3

**प्रथम पृष्ठ का शेष...**

**राजद्रोह कानून होगा...**

संशोधन समिति का गठन किया। इस समिति का प्रमुख दिल्ली स्थित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के तत्कालीन वाइस चांसलर डॉ. रणबीर सिंह को बनाया गया। इस समिति के अन्य सदस्यों में नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी दिल्ली के तत्कालीन रजिस्ट्रार डॉ. जीएस बाजपेयी, डीएनएलयू के वाइस चांसलर डॉ. बलराज चौहान और वरिष्ठ वकील महेश जेठमलानी, और दिल्ली डिस्ट्रिक्ट एंड सेशल कोर्ट के पूर्व जज जीपी थरेजा शामिल थे। फरवरी 2022 में इस समिति ने जनता से सुझाव के बावजूद सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपी। अप्रैल 2022 में कानून मंत्रालय ने राज्य सभा में बताया कि सरकार आपराधिक कानूनों की समीक्षा कर रही है। शाह ने कहा कि डीजीपी को समय नहीं हो या फिर कोई डीजीपी साहब रिटायर हो गया। तो अब उसको बुलाने की जरूरत नहीं है। अब नए कानून के तहत उस समय के एसपी फाइल देखकर कोर्ट को बताएंगे। घोषित अपराधियों की संपत्ति की कुर्की का भी हम प्रावधान जोड़ रहे हैं। संगठित अपराध के लिए एक नया प्रावधान जोड़ रहे हैं, जो अंतरराज्यीय गैंग और संगठित अपराध के विरूद्ध एक कठोर सजा का प्रावधान है।

**मुख्यमंत्री राजधानी में करेंगे...**

का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे। संसदीय सचिव इन्द्रशाह मण्डावी मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी, संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव बस्तर, राज्य योजना आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम सूरजपुर, विधायक बृहस्पत सिंह बलरामपुर, विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव धमतरी, विधायक चंदन कश्यप नारायणपुर, विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, विधायक रामकुमार यादव सक्ती, विधायक श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े सारंगढ़-बिलाईगढ़ और विधायक विक्रम मंडावी बीजापुर में ध्वजारोहण कर मुख्यमंत्री का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे।

**मणिपुर में शांति बहाली...**

जब हम मैतेई के इलाके में गए तो हमसे कहा गया कि अगर कुकी आपकी सिक्योरिटी में हुआ तो हम गोली मार देंगे। कुकी के इलाके में गए तो कहा कि मैतेई सिक्योरिटी में होगा तो उसे मार देंगे। हम जहां गए वहां से अपनी सुरक्षा में मैतेई और कुकियों को हटा दिया। यानी राज्य दो हिस्सों में बंट चुका है। अविश्वास प्रस्ताव को लेकर कहा कि गुरुवार का पीएम का भाषण हिंदुस्तान के बारे में नहीं, नरेंद्र मोदी के बारे में था। उनकी राजनीति के बारे में था। प्रधानमंत्री अपने बारे में कहना चाहते हैं, 2024 में वो प्रधानमंत्री बनेंगे, ये बाद की बात है। ये वो किसी सभा में बोलें। संसद में मणिपुर पर चर्चा हो रही थी। उस पर वे कुछ नहीं बोले। उन्होंने कहा कि मणिपुर में हजारों हथियार जो लूटे गए, वो सरकार के नीचे ही लूटे गए। जो हिंसा चल रही है, तो क्या अमित शाह ये चाहते हैं कि ये हिंसा चलती जाए। जो वहां हो रहा है, वह सीएम के रहते हुए ही हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि मैं करीब 19 साल से राजनीति में हूं और करीब हर राज्य में, चाहे बाढ़ आए, सुनामी आए, हिंसा हो, हम जाते हैं। 19 साल के अनुभव में मैंने जो मणिपुर में देखा, वह मैंने पहले कभी नहीं सुना। मैंने संसद में कहा कि अमित शाह जी और नरेंद्र मोदी जी ने मणिपुर में भारत की हत्या की।

**मणिपुर जल रहा व मोदी ...**

कि भारत माता की हत्या कर दी है, ऐसे नहीं कहा था। प्रधानमंत्री को ये पता नहीं लग रहा है कि हमारे देश में क्या हो रहा है। वो जा नहीं सकते तो वहां के बारे में बोलें तो। जो मणिपुर में हो रहा है, सेना उसे दो दिन में रोक सकती है।

**राहुल की सजा बरकरार रखने वाले ...**

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने की और इसमें जस्टिस किशन कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्यकांत शामिल रहे।

# शिव की भक्ति से जीवन में मिलती है शांति- डा. रश्मि



**तखतपुर,** 11 अगस्त ( देशबन्धु) । नगर के पुराने थाने भवन में आयोजित शिव महापुराण में विधायक डॉ. श्रीमती रश्मि सिंह शामिल हुई।महादेव की भक्ति से व्यक्ति को जीवन में शांति मिलती है बहुत ही सरल ढंग से इनकी पूजा होती है यदि व्यक्ति के पास कुछ भी नही है तो केवल भाव से एक लोटा जल अर्पित कर दे तो महादेव प्रसन्न होकर व्यक्ति का कल्याण कर देते है। अपने जीवन में शांति के लिए व्यक्ति को देवाधिदेव महादेव पूजा करनी चाहिए।

कथा स्थल पर प्रात- रूद्राभिषेक किया जाता है जिसमें नगर के श्रद्धालू बड़ी श्रद्धा के साथ रूद्राभिषेक की पूजा करते है। प्रतिदिन आचार्यो के द्वारा महादेव की दूध, दही, गंगाजल, मधुरस, घी सहित अन्य सामाग्रीयों से अभिषेक किया जाता है।कथा व्यास पं प्रदीप चौबे ने कथा विस्तार करते हुए बताया कि महाकाल की जय हो न चिंता न भय हो। सबसे बड़ा तीर्थ वहीं है जहां व्यक्ति का मन रम जाए मन को शांति मिले। व्यक्ति कोई भगवान राम की पूजा करते है कोई भगवान शिव की पूजा करते है परंतु एक दूजे के बिना अधूरी है भगवान शिव के सबसे बड़े उपासक भगवान श्रीराम है वहीं श्रीराम के सबसे बड़े उपासक महादेव है।दोनों एक हरि है तो दूसरा हर है। कथा अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष पुष्पा मुन्ना श्रीवास, उपाध्यक्ष वंदना बाला सिंह, हरविंदर हूरा, मुकेश ताम्रकार, सत्यम ताम्रकार, हनुमान भोसले, अविनाश ताम्रकार, दिनेश देवांगन, रिंकू सोनी पारस सोनी, श्याम नारायण सोनी, गोपाल सोनी, दीपू देवांगन, नारायण साहू, कमल ताम्रकार, रजनीश जायसवाल, राजा ताम्रकार , सत्यार्थ शर्मा, शामिल ठाकुर, किशन पांडेय, नीलम शुक्ला, अजय शर्मा, नारायण साहू, संदीप कश्यप , अजय शर्मा, किशन पांडेय उपस्थित थे।

**न्यायालय : (श्री बी.आर.साहू), प्रथम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, सक्ती जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
प्रकरण क्रमांक MCA-02/2018
प्रोसेस नंबर 766/23
जारी तारीख 08/08/2023
पेशी तारीख 17-08-2023
रामलाल वगैरह
बनाम
अंजोरी वगैरह

बनाम :-
01 अ-बड़कानोनी उम्र 70 साल बेवा अंजोरी सौंरा साकिन गोबराभांठा पो. चोरतेला तहसील डभरा, जिला- सक्ती (छत्तीसगढ़)

अपीलार्थी रामलाल उम्र 54 साल वल्द खूबलू जाति चंद्रा साकिन-गोबरा, तहसील डभरा, वर्तमान जिला सक्ती (छ.ग.) ने विविध व्यवहार अपील प्रकरण (MCA) क्र. 02/ 2018 के तहत रामलाल विरूद्ध अंजोरी वगैरह का प्रकरण इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसमें उत्तरवादी क्र.01 अ-बड़कानोनी बेवा अंजोरी सौंरा की उपस्थिति नहीं हो पायी है। जिसके कारण अपीलार्थी/ आवेदक द्वारा समाचार पत्र के माध्यम से उपस्थिति हेतु आवेदन किया है। जिसकी पेशी तारीख 17/08/2023 है।

अतः इस समाचार पत्र के माध्यम से सूचना दी जाती है कि यदि आप ऊपर बताई गयी तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात (हाजिर)नहीं होंगे, तो प्रकरण की सुनवाई और उसका विधि अनुसार निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

नोटः- यदि नियत तिथि पर सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस पर की जावेगी।

आज दिनांक 08/08/2023 को अदालत की मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया है।
दिनांक 08/08/2023
सील
(बी.आर.साहू)
प्रथम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, सक्ती
जिलाः जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**जिला कौशल विकास प्राधिकरण दन्तेवाड़ा**
जिला- दन्तेवाड़ा (छ.ग.)
कक्ष क्रमांक- 219 एवं 220 द्वितीय तल, संयुक्त जिला कार्यालय भवन दन्तेवाड़ा
ई-मेलः cssdmdantewada@gmail.com, मोबाईलः 9406334109
क्रं./ 73/ जि.कौ.वि.प्रा./ प्रशि./ रू. की अभि./ 2023-24 दन्तेवाड़ा, दिनांक 11/08/2023
**रूचि की अभिव्यक्ति- संशोधित**

कार्यालय जिला कौशल विकास प्राधिकरण दन्तेवाड़ा में ''वुडन टॉय मेकिंग/ लघु उद्योग स्थापना एवं प्रशिक्षण तथा नियोजन कार्य'' करने हेतु इस कार्यालय के पत्र क्रमांक / 46/ जि.कौ.वि.प्रा./ प्रशि./ रू.की.अभि./ 2023-24 दन्तेवाड़ा, दिनांक 13.06.2023 के द्वारा दिनांक 11.07.2023 तक रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित किया गया था। समस्त प्रस्ताव प्रदायकर्ता अपात्र होने की स्थिति में आंशिक संशोधन कर रूचि की अभिव्यक्ति पुनः आमंत्रित (तृतीय आमंत्रण) किया जाता है। इच्छुक व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाता/ एन.जी.ओ. / एजेंसी/ संस्था/ फर्म्स आदि अधिक जानकारी हेतु जिला दंतेवाड़ा के शासकीय वेबसाईट www.dantewada.gov.in का अवलोकन कर सकते हैं।

प्रस्ताव जमा करने की अंतिम संशोधित तिथि : 24/08/2023 अपरान्ह 05:00 बजे तक
प्रस्ताव खोलने की संशोधित तिथि : 25/08/2023 पूर्वान्ह 11:00 बजे

मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह. निदेशक
जिला कौशल विकास प्राधिकरण
दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)
संवाद- 38045/1

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)**
**मुख्य कार्यालय - साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)**
**कोरबा जोन**
फा.क्र./ 555, 556, 557 एवं 558/ निर्माण (कोरबा जोन)/ 2023/ कोरबा दिनांक 07.08.2023
**निविदा आमंत्रण की सूचना**

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर त्रि-लिफाफा पद्धति माध्यम से आमंत्रित की जाती है :-
1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने अन्तिम तिथि - 22.08.2023 सायंकाल 3:00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि - 22.08.2023 सायंकाल 4:30 बजे तक

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि रू में |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 05 सोनिया ब्यूटी पार्लर से शशिकला घर तक रोड एवं नाली मरम्मत तथा पेवर ब्लॉक रोड का निर्माण कार्य। (नवीन अधोसंरचना मद 2023-24, 15 करोड़) (द्वितीय निविदा) | 10,96,000/- | 8,500/- |
| 2 | वार्ड क्र. 04 में के.एन.कॉलेज के पीछे से राठौर घर तक एवं धोबी मोहल्ला तक नाली एवं रोड मरम्मत तथा कांक्रीट ब्लाक रोड का निर्माण कार्य। (नवीन अधोसंरचना मद 2023-24, 15 करोड़) (द्वितीय निविदा) | 12,00,000/- | 9,000/- |
| 3 | वार्ड क्र. 05 में चित्रा टाकीज के समीप दुकान का निर्माण एवं कोरबा क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थानों में प्याऊ का निर्माण एवं अन्य विकास कार्य। (नवीन अधोसंरचना मद 2023-24, 15 करोड़) (द्वितीय निविदा) | 20,00,000/- | 15,000/- |
| 4 | वार्ड क्र. 05 मांझी मोहल्ला में सरदार घर से हरिशचंद्र देवांगन घर तक रोड एवं नाली मरम्मत तथा शिव मंदिर पचरी घाट के समीप रिटेरिंग वॉल का निर्माण कार्य। (नवीन अधोसंरचना मद 2023-24, 15 करोड़) (द्वितीय निविदा) | 10,00,000/- | 7,500/- |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट Website : www. korbamunicipal. in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डानलोड किया जा सकता है।

// स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें //

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड-रायगढ़ (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

जल जीवन मिशन अंतर्गत पेयजल प्रदाय कार्य हेतु निम्नानुसार ऑन लाईन कार्य आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक | निविदा क्रमांक दिनांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 144075 | 382/08.08.2023 | सिंगल विलेज-वि.खंड-लैलूंगा, ग्राम- गेरूपानी समूह, चतुर्थ आमंत्रण | 8.6 | 6500 |
| 2 | 144084 | 383/08.08.2023 | सोलर- वि.खंड-तमनार, ग्राम- देवगढ़, गोरखामुड़ा, जामडबरी, खम्हरिया एवं रात्रोट, चतुर्थ आमंत्रण | 18.61 | 14000 |
| 3 | 144073 | 384/08.08.2023 | रेट्रो- वि.खंड-पुसौर, ग्राम- पुटकापुरी, मिड़मिड़ा, एवं पड़ीगांव पंचम आमंत्रण | 13.68 | 10500 |
| 4 | 144078 | 385/08.08.2023 | सिंगल मल्टी विलेज- वि.खंड-सारंगढ़, ग्राम- देवगांव एवं पिकरी, पंचम आमंत्रण | 203.87 | 152900 |
| 5 | 144079 | 386/08.08.2023 | सिंगल मल्टी विलेज- वि.खंड-सारंगढ़, ग्राम- बोईरमाल, सराईपाली एवं रापागुला, पंचम आमंत्रण | 234.27 | 175700 |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छ.ग.शासन की ई-प्रोक्यूरमेंट https://eproc.cgstate.gov.in पर उपलब्ध है। दिनांक 21.08.2023 तक समय 17.30 तक समय 17.30 तक बिड डाले जा सकते हैं। निविदा प्रकाशन पश्चात् समस्त संशोधन केवल ऑन लाईन ही देखे जा सकेंगे। अन्य विवरण कार्यालयीन समय पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड रायगढ़ (छ.ग.) में देखे जा सकते हैं।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
रायगढ़ (छ.ग.)
जी- 04163/8

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जांजगीर (तहसील-अकलतरा व बलौदा) जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
क्रमांक/ क्यू/ रीडर/ अ.वि.अ./ 2023
जांजगीर, दिनांक 02/08/2023

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि - न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जांजगीर (तहसील-अकलतरा व बलौदा) जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) में आवेदक फर्म मेसर्स बालाजी एण्ड संस पार्टनर विजय कुमार अग्रवाल पिता राधेश्याम अग्रवाल ग्राम अकलतरा तहसील अकलतरा द्वारा ग्राम नरियरा तहसील अकलतरा में स्थित भूमि ख.नं. 1639/3, 1639/4, 1639/5, 1639/6 रकबा 0.016, 0.016, 0.061, 0.057 हे. भूमि को औद्योगिक मद में व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है। अतएवं उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो दिनांक 16/08/2023 को प्रातः 10.00 बजे तक मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। उपरोक्त तिथि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।
उपरोक्त तिथि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 02/08/2023 को मेरे न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
अकलतरा एवं बलौदा जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.)**
Email Id:sdmdabhara.steno@gmail.com
**// ईश्तहार //**
ग्राम खोरसिया प.ह.नं. 33
तहसील डभरा, जिला सक्ती छ.ग.

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम खोरसिया प.ह.नं. 33 तहसील डभरा जिला सक्ती छ.ग. की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदक श्री उदेराम पिता श्यामबंधु जाति अघरिया निवासी खोरसिया तहसील डभरा जिला सक्ती छ.ग. ने भूमि ग्राम खोरसिया प.ह.नं. 33 खसरा नंबर 674/2 रकबा 0.061 हे. में से 0.10 एकड़ भूमि को आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप से ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 21.08.2023 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 07.08.2023 को जारी किया गया।

सील
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
ग्राम अमेरी तह. सकरी
जिला-बिलासपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विभाष तिवारी पिता- स्व. सुरेन्द्र कुमार तिवारी, निवासी- दुर्गा चौक कतियापारा द्वारा ग्राम अमेरी, प.ह.नं. 43, तहसील सकरी स्थित भूमि खसरा नं. 44/25 रकबा 0.0100 हे. भूमि विभा तिवारी के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि को आवेदक के पक्ष में पंजीकृत दानपत्र दिनांक 24.05.2023 को निष्पादित किया गया है। अतः पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से आवेदक के नाम नामांतरण दर्ज किए जाने हेतु प्रकरण ऑनलाईन भुईयां के माध्यम से ई-कोर्ट में प्राप्त हुआ है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा/ आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 25.08.2023 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि पश्चात् दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

सील
अति. तहसीलदार
सकरी

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
ग्राम अमेरी तह. सकरी
जिला-बिलासपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विभाष तिवारी पिता- स्व. सुरेन्द्र कुमार तिवारी, निवासी- दुर्गा चौक कतियापारा द्वारा ग्राम अमेरी, प.ह.नं. 43, तहसील सकरी स्थित भूमि खसरा नं. 42/71, 44/7, 44/6, 42/69 रकबा क्रमशः 0.0060, 0.0080, 0.0060, 0.0370 हे. भूमि विभा तिवारी के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि को आवेदक के पक्ष में पंजीकृत वसीयतनामा आवेदक के पक्ष में दिनांक 24.05.2023 को निष्पादित किया गया है। अतः पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से आवेदक के नाम नामांतरण दर्ज किए जाने हेतु प्रकरण ऑनलाईन भुईयां के माध्यम से ई-कोर्ट में प्राप्त हुआ है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा/ आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 25.08.2023 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि पश्चात् दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

सील
अति. तहसीलदार
सकरी

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.)**
Email Id:sdmdabhara.steno@gmail.com
**// ईश्तहार //**
ग्राम डभरा प.ह.नं. 22
तहसील डभरा, जिला सक्ती छ.ग.

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम डभरा प.ह.नं. 22 तहसील डभरा जिला सक्ती छ.ग. की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदक श्री आदित्यनारायण भोई पिता कृष्णकुमार भोई जाति संवरा निवासी ग्राम डभरा तहसील डभरा जिला सक्ती छ.ग. ने भूमि ग्राम डभरा प.ह.नं. 22 खसरा नंबर 934/44 रकबा 0.09 एकड़ भूमि को आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप से ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 21.08.2023 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 07.08.2023 को जारी किया गया।

सील
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.)

देशबन्धु
संस्कारधानी


उल्टा पुल्टा

**पप्पू:** यार कल शाम को भाभी तुझे इतना क्यों मार रही थी?

**गप्पू:** क्या बताऊं सरकारी नौकरी करते-करते मेरा भी दिमाग खराब हो गया है।

**पप्पू:** लेकिन हुआ क्या?

**गप्पू:** कल गर्लफ्रेंड को लेटर लिखा और प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु परी को भी भेज दी...!!

## सड़कों से जब्त बैल बैगा बिरहोर आदिवासियों को

**बिलासपुर**, 11 अगस्त 2023/जिला प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों एवं प्रमुख मार्गों से घुमन्तू पशुओं को हटाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में बड़ी संख्या में आवारा पशुओं को जप्त कर रखने के लिए जिले के रहंगी और मोपका गौठान प्रमुख केन्द्र बनाया गया है। जप्त किए गए पशुओं को उनके मालिकों द्वारा निर्धारित समयावधि में नहीं ले जाने पर इन्हें विशेष पिछड़ी जनजातियों को सौंपे जाने का निर्णय लिया गया है। इसमें स्वस्थ नर सांड पशुओं को जिले के बैगा बिरहोर जनजातियों के सदस्यों को कृषि कार्य में उपयोग हेतु बैलजोड़ी इकाई के रूप में नि:शुल्क वितरण किया जाएगा। बैलजोड़ी मिलने से उन्हें कृषि कार्य में बहुत मदद मिलेगी और उनके जीविकोपार्जन में भी वृद्धि होगी। कलेक्टर द्वारा उक्त कार्य के समुचित क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# कल से घर-घर लहराएगा तिरंगा

### कलेक्टर ने तिरंगा फहराने की लोगों से की अपील



**बिलासपुर**, 11 अगस्त ( देशबन्धु) इस वर्ष आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर नागरिक के मन में राष्ट्र और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को और बढ़ाने के लिए 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम ज़िले में भी आगामी 13 से 15 अगस्त तक मनाया जा रहा है। कलेक्टर संजीव कुमार झा ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम में सबकी सहभागिता की अपील की है।

राज्य शासन द्वारा स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान हर घर तिरंगा कार्यक्रम क्रियान्वयन के लिए दिशा-निर्देश जारी किये गये है। जारी निर्देशों के अनुसार जिले के अंतर्गत सभी सार्वजनिक उपक्रमों, स्व सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों आदि के समस्त कर्मचारी एवं उनके परिवार को सक्रिय भागादारी सुनिश्चित करने कहा है। कार्पोरट और निजी संगठनों को भी सीएसआर संसाधनों सहित भाग लेने और योगदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। राज्य सरकार की वेबसाइटों और सोशल मीडिया का उपयोग कर जागरूकता का निर्माण कर तथा अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा कार्यक्रम को हर घर तिरंगा डॉट कॉम के माध्यस से लिंक करने, शासन स्तर पर मॉनिटरिंग कर ग्राम सरपंचों एंव पंचायत के अन्य सदस्य एवं पदाधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित कर तिरंगा कोड को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त तिरंगा की मांग का पता लगाने के लिए ग्राम सभा आयोजित करने, शासकीय स्तर पर प्रत्येक गांव में तिरंगा वितरण और बिक्री केंद्र स्थापित करने, स्थानीय स्व सहायता समूहों को तिरंगा के निर्माण एवं ग्राम पंचायतों द्वारा बड़े पैमाने पर समूह में खरीदी को प्रोत्साहित करने, समस्त शासकीय भवनों एवं संस्थानों में तिरंगा फहराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। इसी प्रकार पॉम्पलेट, बैनर, स्टैण्डिज आदि के माध्यम से स्वतंत्रता सप्ताह हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने स्थानीय भाषाओं में प्रमुखता से प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य के सभी जिलों में तिरंगा के वितरक, बिक्री केंद्र के रूप में उचित मूल्य की दुकान का विशाल नेटवर्क स्थापित करने, स्वतंत्रता सप्ताह हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायतों को तिरंगा भण्डारण एवं वितरण के लिए नोडल संस्थाओं के रूप में नामांकित किये जाने के निर्देश दिये गये है।

### कार्यपालिक दंडाधिकारी की ड्यूटी

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कानून एवं शांति व्यवस्था एवं कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस परेड ग्राउण्ड में अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

जारी ड्यूटी आदेश के अनुसार अनुविभागीय दण्डाधिकारी श्री सुभाषराज, अति. तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी मुकेश कुमार देवांगन की ड्यूटी मंच पर, तहसीलदार अतुल कुमार वैष्णव की ड्यूटी प्रवेश द्वार, अति. तहसीलदार शशिभूषण सोनी की ड्यूटी स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों के संपूर्ण व्यवस्था, नायब तहसीलदार श्री ओमप्रकाश चंद्रवंशी को जनप्रतिनिधि प्रवेश द्वार, नायब तहसीलदार हितेश साहू को ऑफिसर प्रवेश द्वार, अति. तहसीलदार श्री आकाश गुप्ता को पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र एवं वितरण सेक्टर, नजूल तहसीलदार श्रीमती गरिमा ठाकुर को महिला सेक्टर और खाद्य नियंत्रक श्री अनुराग भदौरिया की ड्यूटी पत्रकार दीर्घा एवं मंच पर सत्कार व्यवस्था हेतु लगाई गई है।

### संसदीय सचिव रश्मि न्यायधानी में करेंगी ध्वजारोहण



जिले में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पूरी गरिमा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। संसदीय सचिव श्रीमती रश्मि आशीष सिंह समारोह की मुख्य अतिथि होंगी। पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित मुख्य समारोह में श्रीमती सिंह सवेरे 9 बजे ध्वजारोहण करेंगी। ध्वजारोहण के बाद परेड की सलामी लेंगी एवं मुख्यमंत्री का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगी।

# तीसरी रेललाइन कार्य के लिए कुछ ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

**बिलासपुर**,11 अगस्त ( देशबन्धु) ।अधोसंरचना विकास हेतु मध्य रेलवे के अंतर्गत जलगाँव एवं मनमाड रेलवे स्टेशनों के बीच तीसरी रेलवे लाइन का कार्य किया जाएगा । यह कार्य 14 अगस्त, से 15 अगस्त तक किया जाएगा ।इस कार्य के फलस्वरुप कुछ गाड़ियों को परिवर्तित मार्ग से रवाना किया जा रहा है, जिसकी जानकारी इस प्रकार है ।

**रद्द होने वाली ट्रेनें**

12 एवं 14 अगस्त, को श्री छत्रपती शाहू महाराज टर्मिनस (कोल्हापूर) से चलने वाली 11039 श्री छत्रपती शाहू महाराज टर्मिनस (कोल्हापूर) -गोंदिया एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 14 एवं 16 अगस्त को गोंदिया से चलने वाली 11040 गोंदिया-श्री छत्रपती शाहू महाराज टर्मिनस (कोल्हापूर) एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

**परिवर्तित मार्ग से रवाना होने वाली ट्रेनें**

14 अगस्त को पुणे से चलने वाली 12222 पुणे-हावड़ा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग लोनावला- पनवेल-वसई रोड-उधना जं-जलगांव जं होकर रवाना होगी । 15 अगस्त को कुर्ला से चलने वाली 22848 कुर्ला-विशाखापटनम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वसई रोड-उधना जं- जलगांव जं होकर रवाना होगी । 14 अगस्त को पुणे से चलने वाली 12129 पुणे-हावड़ा आजाद हिन्द एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग लोनावला-पनवेल- वसई रोड-उधना जं-ईगतपुर होकर रवाना होगी । 13 अगस्त को हावड़ा से चलने वाली 12130 हावड़ा-पुणे आजाद हिन्द एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग जलगांव जं- वसई रोड-लोनावला होकर रवाना होगी ।

### ऑटो सिग्नलिंग से भी ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

अधोसंरचना विकास हेतु ईस्ट कोस्ट रेलवे के अंतर्गत कटक एवं कंदरपुर रेलवे स्टेशनों के बीच ऑटो सिग्नलिंग का कार्य किया जाएगा । यह कार्य 12 अगस्त से दिनांक 14 अगस्त तक अर्थात 60 घंटे का किया जाएगा । इस कार्य के फलस्वरुप कुछ गाड़ियों को परिवर्तित मार्ग से रवाना किया जा रहा है, जिसकी जानकारी इस प्रकार है।

**परिवर्तित मार्ग से रवाना होने वाली ट्रेनें**

11 एवं 13 अगस्त को दुर्ग से चलने वाली 18426 दुर्ग-पूरी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बलांगीर जंक्शन राधाकिशोरपुर-नराज मार्थापुर-बारंग जंक्शन होकर रवाना होगी एवं इस गाड़ी का नराज मार्थापुर स्टेशन में अस्थायी ठहराव दिया जाएगा ।12 एवं 14 अगस्त को पूरी से चलने वाली 18425 पूरीङ्कदुर्ग एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बारंग जंक्शन-नराज मार्थापुर-राधाकिशोरपुर-बलांगीर जंक्शन होकर रवाना होगी ।एवं इस गाड़ी का नराज मार्थापुर स्टेशन में अस्थायी ठहराव दिया जाएगा । 10 एवं 12 अगस्त को योगनगरी ऋषिकेश से चलने वाली 18477 योगनगरी ऋषिकेश-पूरी उत्कल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कपिलास रोड़ जंक्शन-सालगांव-नराज मार्थापुर-बारंग जंक्शन होकर रवाना होगी एवं इस गाड़ी का कपिलास रोड़ जंक्शन एवं नराज मार्थापुर स्टेशनों में अस्थायी ठहराव दिया जाएगा । 12 एवं 14 अगस्त को पूरी से चलने वाली 18478 पूरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कपिलास रोड़ जंक्शन-सालगांव-नराज मार्थापुर-बारंग जंक्शन होकर रवाना होगी एवं इस गाड़ी का कपिलास रोड़ जंक्शन एवं नराज मार्थापुर स्टेशनों में अस्थायी ठहराव दिया जाएगा ।

## सार-संक्षेप

### घुटकू-लोखण्डी में नहीं हो रहा रेत का अवैध उत्खनन

**बिलासपुर**, 11 अगस्त ( देशबन्धु) । अरपा नदी पर घुटकू एवं लोखण्डी में फिलहाल अवैध रेत उत्खनन, परिवहन अथवा वसूली की कार्रवाई पूर्ण रूप से बंद है। खनिज विभाग ने अवैध खनन संबंधी प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले की मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच रिपोर्ट के अनुसार कोई रॉयल्टी वसूली के तंबू या मकान नहीं मिला है। मौका स्थल में पंचगण की उपस्थिति में पंचनामा तैयार किया गया है। पंचगणों के द्वारा बताया गया कि मौके पर ग्राम घुटकू में स्थित अरपा नदी में कोई भी वाहन उत्खनन, परिवहन करते हुए नहीं पाया गया। जिले में किसी भी स्थान पर अवैध खनिज उत्खनन की सूचना मिलने पर विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई की जाती है। वर्ष 2023-24 में खनिज अमला द्वारा घुटकू, निरतु, लमेर, लारीपारा एवं आसपास के क्षेत्रों में खनिज रेत के अवैध उत्खनन परिवहन करने वालों पर लगातार कार्यवाही करते हुए अब तक 25 प्रकरण दर्ज कर कुल 3 लाख 38 हजार 800 रूपए अर्थदण्ड लगाया गया है।


### अटल विश्वविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान का आगाज



**बिलासपुर**,11 अगस्त ( देशबन्धु) ।अटल बिहारी वाजपेई विश्व विद्यालय में आज़ हर घर तिरंगा अभियान का आगाज़ कुलपति आचार्य अरूण दिवाकर नाथ बाजपेई और कुलसचिव शैलेन्द्र दुबे के द्वारा किया गया। ज्ञात हो कि भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत देश के विश्व विद्यालय और महाविद्यालयों में 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है इसी उपलक्ष्य में अटल बिहारी वाजपेई विश्व विद्यालय बिलासपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में इस कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है जिसे कुलपति के हाथों शुरुआत हुई इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा और पीआरओ हर्ष पांडेय के साथ विश्व विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों और विश्व विद्यालय के विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

### वाराणसी मंडल के केराकत स्टेशन में बरौनी-गोंदिया का स्टापेज

**बिलासपुर**,11 अगस्त ( देशबन्धु) । रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की मांग व उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के अंतर्गत केराकत रेलवे स्टेशन में 15231/15232 बरौनी-गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस का अस्थायी प्रायोगिक ठहराव की सुविधा दिनांक 15 अगस्त, 2023 से प्रदान की जा रही है । यह ठहराव प्रायोगिक तौर पर अस्थायी रूप से 6 महीने के लिए दिया गया है । दिनांक 15 अगस्त, 2023 को बरौनी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस का केराकत रेलवे स्टेशन में 19.13 बजे पहुचकर 19.15 बजे रवाना होगी तथा दिनांक 14 अगस्त, 2023 को गोंदिया से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस का केराकत रेलवे स्टेशन में 21.22 बजे पहुचकर 21.24 बजे रवाना होगी ।



## मतदाता सूची में नाम जोड़ने 12 और 13 को लगेगा विशेष शिविर



### शिविर का लाभ उठाने कलेक्टर की अपील

बिलासपुर, 11 अगस्त ( देशबन्धु) ।मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के तहत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपित करने तथा संशोधन करवाने के लिए अवकाश के दिनों में भी विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 12, 13, 19 एवं 20 अगस्त को आयोजित होगा। इस दौरान शिविर में बीएलओ एवं अभिहित अधिकारी पूरे समय मतदान केंद्रों में मौजूद रहकर दावा-आपत्तियों का निराकरण करेंगे। कोई भी नागरिक जो 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका है, वह मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के समस्त युवाओं से शिविर का लाभ उठाकर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील की है। अब तक हजारों लोगों ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपित एवं संशोधन करवाने आवेदन किया है। गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य जारी है। यह कार्य 31 अगस्त तक चलेगा।

# पदोन्नति आदेश तत्काल निरस्त करने सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

**बिलासपुर**, 11 अगस्त ( देशबन्धु) । प्रदेश के सभी शिक्षा संभाग में संयुक्त संचालकों द्वारा शिक्षकों के पदोन्नति आदेशों में नियम विरूद्ध संशोधन कर व्यापक स्तर पर की गई अनियमित्ता की जाँच करते हुये संशोधित आदेश को तत्काल निरस्त करते हुये दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध शीघ्र कार्यवाही की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ बिलासपुर के द्वारा संघ के प्रांताध्यक्ष जी0आर0 चन्द्रा के नेतृत्व में माननीय मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री तथा प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा विभाग के नाम कलेक्टर जिला बिलासपुर के माध्यम से आज रैली निकालकर ज्ञापन सौपा।

संघ के जिला शाखा अध्यक्ष रामकुमार यादव एवं सचिव किशोर शर्मा ने बताया कि प्रदेश के सभी शिक्षा संभाग में शासन के निर्देशानुसार कौसलिंग के माध्यम से पुरी पारदर्शिता के साथ शासकीय नियमों का पालन करते हुये शिक्षकों का पदोन्नति किया जाना था। परन्तु नियमों की अवहेलना करते हुये पदोन्नति आदेश जारी की गई। संघ के द्वारा शिकायत दर्ज किये जाने पर संभागायुक्त बिलासपुर के द्वारा जॉच कमेटी गठित की गई। कमेटी के द्वारा अपने रिपोर्ट में पदोन्नति में अनियमित्ता को उल्लेख किया गया। जिसकी वजह से संयुक्त संचालक एवं कर्मचारियों को निलम्बित किया गया है। नियमानुसार काउसलिंग नहीं किये जाने के कारण वरिष्ठ शिक्षक उचित स्थान में पदस्थापना प्राप्त करने से वंचित हो गये। इन्ही सभी मुद्दो को लेकर संघ के द्वारा संशोधित आदेश को निरस्त करते हुये पुन: काउसलिंग की प्रक्रिया किये जाने तथा दोषी अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही किये जाने मांग संबंधी ज्ञापन सौपने का निर्णय लिया गया। इसी संबंध में आज संघ के पदाधिकारी पुराने कम्पोजिट विंडिंग के प्रांगण में एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुये रैली निकाल कर कलेक्टर कार्यालय पहुँचे जहां डिप्टी कलेक्टर श्री पीयुष तिवारी से विस्तृत चर्चा करते हुये अवगत कराया गया कि संशोधित आदेश को निरस्त करने के साथ ही संयुक्त संचालक बिलासपुर द्वारा पुर्ननियुक्ति हेतु शिक्षकों के आवेदन पर कार्यवाही नहीं किये जाने एवं संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग बिलासपुर के पद रिक्त होने के कारण शिक्षकों के न मांग, न जांच, न घटना के प्रमाण पत्र नहीं होने से सैकड़ो पेंशन प्रकरण लंबित है संबंधी ज्ञापन सौपा गया ।ज्ञापन सौपने वालो में जी. आर. चन्द्रा, रामकुमार यादव, पवन शर्मा, किशोर शर्मा, आर. के. चन्दवानी, राजीव कस्तुरे, राजेश कुमार टण्डन, प्रशान्त कोन्हेर, महेन्द्र तिवारी, मनोज शर्मा, आर.पी. मण्डल, एल.डी. भांगे, राधेश्याम यादव, पुनाराम ध्रुव, विजय केसकर, अनिश मानिकपुरी, अशोक अग्रवाल, चन्द्र प्रकाश साहू, एम. बंजारे, मधु सुत, शीलू कुमार हन्ना, गोरेलाल यादव आदि शामिल है।





## रेडियम बेल्ट व ईयर टैगिंग कार्य के लिए अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

**बिलासपुर**, 11 अगस्त ( देशबन्धु) । हाईकोर्ट के निर्देश पर जिले के राजमार्गों में घुमंतू पशुओं को रात्रि में होने वाले दुर्घटनाओं को रोकने हेतु लगातार रेडियम कॉलर बेल्ट एवं ईयर टैगिंग का कार्य जा रहा है। साथ ही सिंग वाले पशुओं में एक परत रेडियम पट्टी चिपकाने का कार्य किया जा रहा है, ताकि पशु रात्रि में दूर से ही दिखाई दे सके। इसके लिए पशु चिकित्सा विभाग द्वारा सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में उक्त कार्यों के लिए पशु चिकत्सा विभाग द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों के अलग-अलग हिस्से हेतु टीम बनाकर नोडल अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें भोजपुरी-पेण्ड्रीडीह-बोदरी एवं बोदरी-बिलासपुर मार्ग के लिए डॉ. ए.के. त्रिपाठी, नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले मार्गों के लिए डॉ. रामनाथ बंजारे एवं डॉ. अमित तिवारी, सेंदरी-रतनपुर मोड़ के लिए डॉ. अजय अग्रवाल, पेंडारी-बिल्हा-दर्रीघाट मोड़ के लिए डॉ. रंजना नंदा, दर्रीघाट-पाराघाट मार्ग के लिए डॉ. पी.के. अग्निहोत्री, पेंड्री-सकरी-सेंदरी मार्ग के लिए डॉ. अजय पटेल, सकरी-तखतपुर मार्ग के लिए डॉ. हेमंत नेताम एवं रतनपुर मोड़-बेलतरा के लिए डॉ. बीपी साहू को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

# आम आदमी पार्टी का जनसंपर्क तेज कहीं नुक्कड़ सभा तो कहीं जनसंपर्क

### डा.उज्वला ने बताया क्षेत्र की जनता कांग्रेस भाजपा से नाराज

**बिलासपुर**,11 अगस्त ( देशबन्धु) ।आम आदमी पार्टी की प्रदेश सयुक्त सचिव उज्जवला कराड़े का बिलासपुर में जनसंपर्क लगातार जारी है। डॉ. उज्ज्वला ने कार्यकर्ताओं के साथ शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 68 राम कृष्ण परमहंस में डोर टू डोर जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान स्थानीय नागरिकों ने क्षेत्र की समस्याओं के बारे में विस्तार से बताया। क्षेत्र में आम आदमी पार्टी के प्रति लोगों में जबर्दस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। स्थानीय नागरिकों के बीच जाकर डॉ.उज्वला ने सड़क बिजली, पानी, स्वास्थ्य शिक्षा आदि की समस्याओं के बारे में जानकारी ली और इनके निराकरण का आश्वासन दिया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्र के स्थानीय युवाओं ने आम आदमी पार्टी के प्रचार में शामिल होकर प्रदेश की भ्रष्ट व्यवस्था को बदलने की लड़ाई में शामिल होने की इच्छा जताई और उन्होंने बताया कि दिल्ली की केजरीवाल सरकार जो काम कर रही है, वैसा ही काम छत्तीसगढ़ में भी होना चाहिए इस मौके पर डॉ. उज्वला ने कहा कि क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पानी जैसी मूलभूत समस्याएं हैं और निवासियों को महंगे बिजली से काफी परेशानी है। स्थानीय लोग आम आदमी पार्टी के कामों से पहले से परिचित हैं और केजरीवाल सरकार के दिल्ली में हुए कामों को समझते है वे खुद चाहते हैं कि व्यवस्था में बदलाव होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बार के चुनावों में आम आदमी पार्टी भाजपा-कांग्रेस के भ्रष्ट शासन और लूट के गठजोड़ को खत्म कर आम आदमी का राज स्थापित करेगी ।आज जनसंपर्क के दौरान युवा प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष -देवेंद्र कुर्रे, ब्लॉक अध्यक्ष-नेहा अली, ब्लॉक अध्यक्ष -रेखा भंडारी, वार्ड अध्यक्ष-आजम मिर्जा, सह वार्ड अध्यक्ष -प्रियंका रवानी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# ट्रेलर की टक्कर से युवक की मौत,दो घायल

### कोनी क्षेत्र के लोखंडी ओवरब्रिज के पास तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मारी

**बिलासपुर**,11 अगस्त ( देशबन्धु) । कोनी क्षेत्र के लोखंडी ओवरब्रिज के पास तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं, दो लोग घायल हो गए। घायलों को सिम्स में भर्ती कराया गया है। वहीं, हादसे की जानकारी मृतक के स्वजन को देकर शव का पीएम कराया गया है।

कोटा क्षेत्र के ग्राम लमेर में रहने वाले दिनेश केंवट ट्रेलर के चालक थे। गुरुवार की शाम अपने ट्रेलर को कंपनी में खड़े कर वे अपने घर लमेर जा रहे थे। उनके साथ बाइक में आशीष जगत और संतोष केंवट भी थे। बाइक आशीष चला रहा था। बाइक सवार युवक लोखंडी ओवरब्रिज के पास पहुंचे थे। इसी दौरान घुटकू की ओर से आ रहे ट्रेलर के चालक ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। इससे बाइक सवार दिनेश ट्रेलर के पहियों के नीचे आ गया।

वहीं, उसके साथ दूर छिटक गए। हादसे में दिनेश की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, आशीष और दिनेश को भी चोटे आई। आशीष ने हादसे की जानकारी डायल 112 को दी। इस पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंच गई। जवानों ने घायल को सिम्स पहुंचाया। साथ ही शव को सिम्स के मरच्यूरी में रखवा दिया। डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद आशीष को छुट्टी दे दी।

वहीं, संतोष को भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। आशीष ने घटना की जानकारी दिनेश को स्वजन को दी। इस पर दिनेश के भाई गणेश और अन्य लोग भी सिम्स पहुंच गए। शुक्रवार को स्वजन की मौजूदगी में पुलिस ने शव का पीएम कराया है। गणेश की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सार-संक्षेप

### अधिवक्ताओं ने मांगा प्रोटेक्शन एक्ट, 10 लाख डेथ क्लेम व ग्रुप बीमा



**कोरबा,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। जिला अधिवक्ता संघ के तत्वावधान में अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसर से रैली निकाल कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट, सामूहिक बीमा और 10 लाख रुपए डेथ क्लेम देने की मांग को लेकर प्रदेश व्यापी आंदोलन के अनुसार संजय जायसवाल अध्यक्ष एवं नूतन सिंह ठाकुर सचिव के नेतृत्व में जिले के सैकड़ों अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसर से रैली निकाली तथा मुख्यमंत्री के नाम पर कलेक्टर सौरभ कुमार को ज्ञापन सौंपा।

अधिवक्ता संघ ने कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने घोषणा पत्र में अधिवक्ताओं से वादा किया था कि कांग्रेस सरकार बनने पर एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करेंगे, साथ ही अधिवक्ताओं को 10 लाख रुपए मृत्यु दावा राशि और सामूहिक बीमा का लाभ देंगे। सरकार को वादा याद दिलाने के लिए छत्तीसगढ़ के सभी अधिवक्ता एकजुट होकर आज से आंदोलन की शुरुआत किए। कोरबा सहित प्रदेश के सभी जिलों में कलेक्टर और प्रशासनिक अधिकारियों को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि मांग पूरी नहीं होने पर 25 अगस्त को विशाल आक्रोश रैली निकाल कर प्रदर्शन करेंगे। उसके बाद सितंबर माह से न्यायालयों का बहिष्कार किया जाएगा। रैली प्रदर्शन में वरिष्ठ अधिवक्ता बी के शुक्ल, अशोक तिवारी, बद्री प्रसाद मोदी, सुरेन्द्र पुरोहित, रमन साहू, मनोज राठौर, अब्दुल रहमान, सुधीर निगम, सुरेश शर्मा, उत्तरा राठौर, अमरनाथ कौशिक, किरणभान शांडिल्य, रवि भगत, क्रांति श्रीवास, कमलेश श्रीवास, सुरेश सिंह, गोपी कौशिक, हरिशंकर सहित सैंकड़ों अधिवक्ता मौजूद थे।

### किक बाक्सिंग खेल भारत सरकार के खेलो इंडिया कार्यक्रम में शामिल



**कोरबा,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। भारत सरकार द्वारा खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने किए गए अभिनव पहल खेलो इंडिया कार्यक्रम में अब किक बाक्सिंग खेल को भी शामिल कर लिया गया है। छत्तीसगढ़ किकबाक्सिंग एसोसियेशन के कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा एवं महासचिव आकाश गुरुदिवान ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल एवं फेडरेशन के बोर्ड मैंबर्स, सभी सदस्यों के प्रयास से 2021 से किकबाक्सिंग खेल के राष्ट्रीय संघ वाको इंडिया किकबाक्सिंग फेडरेशन को युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार से मान्यता मिली है। संतोष कुमार अग्रवाल द्वारा खेलो इंडिया कार्यक्रम में किकबाक्सिंग खेल को जोडऩे हेतु लगातार पत्राचार व प्रयास किया जा रहा था। इसी तारतम्य में अगस्त प्रथम सप्ताह में खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत खेलो इंडिया वूमेन किकबाक्सिंग लीग आयोजन हेतु पत्र जारी कर दिया गया है। इन्होंने बताया कि देश के 22 राज्यों के 31 शहरो में खेलो इंडिया विमेन किकबॉक्सिंग लीग का आयोजन प्रस्तावित है, जिसमें 5000 महिला खिलाडियों के शामिल होने की योजना है। फेडरेशन द्वारा प्रस्ताव मांगे जाने पर राज्य के कोरबा एवं रायपुर जिले में लीग के आयोजन का प्रस्ताव दिया गया है। किकबाक्सिंग खेल को कार्यक्रम में शामिल होने पर छत्तीसगढ़ किकबाक्सिंग एसोसियेशन के पदाधिकारियों एवं खेलप्रेमियों ने शुभकामनाएं दी है।

### मेरी माटी-मेरा देश : शहीद परिवार का किया सम्मान



**कोरबा-पाली,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान व संगठन के निर्देशानुसार भाजपा प्रदेश में मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम चला रही है। इसके तहत प्रदेश के सभी शहिद परिवार का सम्मान कर शहीद के जन्म स्थली से मिट्टी एकत्र की जा रही है। इसी कड़ी में पाली मंडल के भारतीय जनता युवा मोर्चा कार्यकर्ता ग्राम कर्रा नवापारा पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों सहित परिजनों से मिलकर वीर शहीद आदित्य शरण प्रताप सिंह तंवर के स्मारक स्थल पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। शहीद के पिता भानु प्रताप का शॉल श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ के साथ सम्मान के उपरांत शहिद के जन्म स्थल से कलश में मिट्टी एकत्रित किया गया। इस अवसर पर चंद्रभान सिंह तंवर, भाजपा मंडल महामंत्री कमल सिंह राज, भाजयुमो जिला मंत्री राजा डिक्सेना, जिला मीडिया प्रभारी दीपक शर्मा, भाजयुमो मंडल महामंत्री विशाल मोटवानी, दीपक साहू, मोनिल सारथी, विशाल सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

### अतिबल दास का निधन



**कोरबा-पाली,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। पाली नगर के वरिष्ठ समाजसेवी व मानिकपुरी पनिका समाज के सक्रिय सदस्य अतिबल दास दीवान का शुक्रवार को असामयिक निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार रोता-बिलखता छोड़ गए हैं। उनके असामयिक देहावसान को मानिकपुरी पनिका समाज ने समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया है जिसकी भरपाई असंभव है। समाज के लोगों ने उनके निधन पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया व भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# पिकअप से टकरा कर पुलिया की रेलिंग पर चढ़ी कार

## चालक की मौत, कांग्रेस नेता गंभीर रूप से घायल





**कोरबा-करतला,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। उरगा-हाटी मार्ग पर कोडमसरा नाले के पास शुक्रवार दोपहर पिकअप और कार में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिकअप की टक्कर से कार सडक़ किनारे पुलिया की रेलिंग के ऊपर चढ़ गई। कार चला रहे युवक की मौत हो गई, वहीं दूसरा युवक कांग्रेस नेता गंभीर रूप से घायल हो गया है।

जानकारी के अनुसार बालको थाना अंतर्गत शिवनगर रूमगरा निवासी हकीकुल कमर 38 वर्ष अपने साथी कांग्रेस नेता अल्पसंख्यक कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष आबिद अख्तर के साथ मारूति 800 कार क्रमांक एटी-26के-9474 में सवार होकर कोरबा से श्यांग की ओर जा रहा था। श्यांग में आबिद अख्तर को संगठन विस्तार के लिए बैठक लेना था। इससे पहले कोडमसरा नाले के निकट मुख्य मार्ग में हाटी से कोरबा की ओर आ रहे मालवाहन पिकअप क्रमांक ओडी-15डब्ल्यू-2122 से जोरदार भिड़ंत हो गई। सुबह करीब 10 बजे हुए हादसे में मारूति कार के परखच्चे उड़ गए वहीं पिकअप भी पलट कर क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार चला रहे हकीकुल कमर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं आबिद अख्तर को गंभीर चोटें आई हैं। सूचना बाद मौके पर पहुंचे डॉयल 112 के आरक्षक रामविलास चौहान एवं चालक रामलाल राठिया ने स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे चालक और घायल को बाहर निकाला। एम्बुलेंस के जरिए दोनों को करतला के अस्पताल पहुंचवाया। हादसे की सूचना मृतक के परिजनों को देने के साथ ही पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। दोनों वाहनों को जप्त कर फरार पिकअप चालक के विरूद्ध धारा 279, 337, 304 ए भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है।

### पुण्यतिथि पर मिनीमाता को पुष्पांजलि अर्पित



**कोरबा,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। अखिल भारतीय सतनामी युवा कल्याण समिति द्वारा ममतामयी मिनीमाता की 51वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मिनीमाता कन्या महाविद्यालय के प्रांगण में स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की गई। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र सिंह थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनीराम जांगड़े ने की एवं विशिष्ट अतिथि सुरेश कुमार चौहान, सुरेश धारी, जेपी कोसले थे।

# ब्लैकआउट होने पर बांगो से भेजा गया पॉवर, शुरू हुए बिजली संयंत्र

### रायपुर के स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर से किया गया ब्लैक स्टार्ट मॉकड्रिल



**कोरबा,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश में आकस्मिक ब्लैक आउट होने की स्थिति में ताप विद्युत गृहों को पुनर्संचालित करने हेतु हसदेव बांगो जल विद्युत गृह से स्टार्ट अप पॉवर सप्लाई करने संबंधी एक मॉकड्रिल (पूर्वाभ्यास) छत्तीसगढ़ स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर में सफलतापूर्वक किया गया।

गौरतलब है कि अचानक ब्लैक आऊट होने की स्थिति में पावर प्लांटों को फिर से स्टार्ट करना कठिन होता है, इसके लिए तुरंत बिजली की आवश्यकता पड़ती है, जिसकी तत्काल आपूर्ति जल विद्युत संयत्रों से ही हो सकती है। यह मॉकड्रिल छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती उज्जवला बघेल तथा जनरेशन कम्पनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार की विशेष उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में 11 अगस्त को डंगनिया मुख्यालय स्थित लोड डिस्पैच सेंटर में किया गया। इंडियन इलेक्ट्रिसिटी ग्रिड कोड और स्टेट ग्रिड कोड के प्रावधानों के अनुसार साल में दो बार इस तरह का मॉकड्रिल करना होता है। मॉकड्रील में बांगो जल विद्युत संयंत्र के अधीक्षण अभियंता ओपी पाण्डेय एवं उनकी टीम, कोरबा पश्चिम में अधीक्षण अभियंता एस करकरे एवं उनकी टीम, पारेषण संकाय से कोरबा पूर्व, जमनीपाली, छुरीखुर्द एवं खरमोरा विद्युत उपकेन्द्रों से अधीक्षण अभियंता डीएस पटेल एवं उनकी टीम, वितरण संकाय से कार्यपालन अभियंता अनुपम सरकार एवं उनकी टीम का कोरबा पूर्व जमनीपाली एवं छुरीखुर्द तथा संचार एवं टेलीमीटरी संकाय से कार्यपालन यंत्री जेएल उरांव एवं उनकी टीम की सक्रिय भूमिका रही।

### 1 घंटा 24 मिनट में पूरा हुआ मॉकड्रिल

मॉक ड्रिल के दौरान सर्वप्रथम बांगो जल विद्युत गृह छुरीखुर्द, जमनीपाली एवं कोरबा पूर्व के उपकेन्द्रों से फीड होने वाले क्षेत्रों को मिलाकर एक आईलैण्ड सब सिस्टम बनाया गया। इसके पश्चात् इस आईलैण्ड सब सिस्टम में ब्लैक आउट की स्थिति निर्मित की गई। बनावटी बिजली संकट छुरीखुर्द, जमनीपाली एवं कोरबा क्षेत्र में निर्मित किया गया। इसके पश्चात् इजीनियरों की टीम ने युद्धस्तर पर बिजली संकट क्षेत्र में बिजली बहाली की प्रक्रिया प्रारंभ की। इसके लिये बांगो में उपलब्ध डीजल जनरेटर सेट से बंद जल विद्युत इकाई कमांक 3 को सर्विस में लेकर बांगो उपकेन्द्र के बस को चार्ज किया गया और वहां उत्पादित बिजली को 132 केव्ही लाईनों के माध्यम से छुरीखुर्द, जमनीपाली एवं कोरबा पूर्व 132 केव्ही उपकेन्द्रों तक क्रमश: पहुंचाया गया और पूर्व निर्धारित 33/11 केव्ही विद्युत फीडरों को एक के बाद एक चालू कर बांगों की जल विद्युत इकाई से करीब 23 मेगावाट लोड लिया गया। इसके पश्चात् आईलैण्ड सब-सिस्टम की फ्रिक्वेन्सी एवं वोल्टेज को मॉनीटर करते हुए बांगो जल विद्युत गृह की सप्लाई को कोरबा पश्चिम ताप विद्युत गृह तक पहुंचाया गया। इस पूरी प्रक्रिया में 1 घण्टा 24 मिनट का समय लगा।


# बिना लाइसेंस उर्वरक भण्डारण और बिक्री पर कार्यवाही

**कोरबा,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा बिना लाइसेंस के उर्वरक भण्डारण और बिक्री पर छापामार कार्यवाही की जा रही है। विभाग के अधिकारियों द्वारा पाली विकास खंड के ग्राम हरदी बाजार, सिरली, बोइदा, उतारदा, में कृषि केंद्रों का निरीक्षण किया गया जिसमें कान्हा कृषि केंद्र में पीओएस मशीन और भौतिक उपलब्ध खाद में भिन्नता पाए जाने पर नोटिस दिया गया एवं उर्वरक अनुज्ञप्ति निरस्त करने हेतु वरिष्ठालय पीओएस और उपलब्ध खाद की मात्रा में अंतर के लिए नोटिस जारी कर लाइसेंस निरस्त करने की प्रतिवेदन वरिष्ठलय को प्रेषित किया गया। इसी तरह यदुराज ट्रेडर्स हरदीबाजार में पीओएस मशीन और उपब्ध खाद की मात्रा का मिलान सही नहीं पाने पर नोटिस दिया जाकर पीओएस में दर्ज नहीं 12 बैग यूरिया को प्रतिबंधित किया गया। उक्त छापामार कार्यवाही उपसंचालक कृषि अजय अनंत एवं कलेक्टर कोरबा के मार्गदर्शन में उर्वरक निरीक्षक



को पत्र प्रेषित किया गया। नारायण प्रसाद शर्मा ग्राम बोइदा में उर्वरक का भंडारण दर्शित नक्शे में ना करने पर एसएसपी का वितरण प्रतिबंधित किया गया नोटिस जारी किया गया। न्यू रमेश ट्रेडर्स में 8 बैग डीएपी बीमा पीओएस मशीन में एंट्री के पाया गया जिसे विक्रय पर तत्काल प्रतिबंध लगाया गया राजेश्वरी राय, अनुविभागीय अधिकारी राजेश भारती सहित कृषि विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहकर बिना लाइसेंस और गलत तरीके से व्यापार कर रहे विक्रेताओं को नोटिस जारी के लाइसेंस निरस्तीकरण एवं बिक्री पर प्रतिबंध की कार्यवाही की गई।

### बारिश से ढह गई पुलिया



कोरबा, 11 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत दूरस्थ ग्राम पंचायत परला में हाल-फिलहाल हुई बारिश की वजह से पुलिया का एक हिस्सा बह गया। प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना के तहत निर्माणाधीन पुलिया धंस जाने के कारण इस पर निर्मित ग्रामीण सडक़ दो हिस्से में बंट गई है। इसकी वजह से इस सडक़ पर आश्रित ग्रामवासियों का आवागमन थम गया है।

# भू-विस्थापित बलिदानी दिवस पर आंदोलन तेज करने की शपथ

### शिविरों के आयोजन से ग्रामीण लाभान्वित हुए



**कोरबा,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। ऊर्जाधानी भू-विस्थापित किसान कल्याण समिति के द्वारा ग्राम नरईबोध में भूविस्थापित बलिदानी दिवस का आयोजन किया गया। कोरबा जिले सहित रायगढ़, सरगुजा, सुरजपुर, मनेन्द्रगढ़, कोरिया आदि जिले में भी भूविस्थापित किसान एकजुटता दिवस का आयोजन किया गया। नरईबोध में रक्तदान शिविर, नेत्र, स्वास्थ परीक्षण और दवाई वितरण, आयुष्मान कार्ड ,मजदूर कार्ड पंजीयन जैसी जन कल्याणकारी सुविधा हेतु शिविर लगाया गया।

समिति के अध्यक्ष सपूरन कुलदीप ने बताया कि सन् 1997 के 11 अगस्त की कोरबा जिला के नरईबोध गांव में भू विस्थापितों की जायज मांगों लेकर संघर्ष करते हुए पुलिस की गोलीबारी से गोपाल-फिरतु दास शहीद हो गए थे और दर्जनों ग्रामीण घायल हुए थे। तब से लेकर अब तक इस दिन को शहीदी दिवस के रूप में पालन करते आ रहे हैं। इस वर्ष शहादत के 26 वीं बरसी पर भू-विस्थापित एकजुटता दिवस के रूप में पालन किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में शहीद गोपाल दास, फिरतु दास के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मौन श्रद्धांजलि दी गई। उसके पश्चात समस्याओं पर विचार गोष्ठी में लोगों ने अपने विचार प्रगट किए। सभा के अंत में सामूहिक शपथ लेते हुए प्रण लिया गया कि जल, जंगल, जमीन, कार्पोरेट लूट के खिलाफ, रोजगार, बसाहट और मुआवजा से जुड़ी हुई मांगों को लेकर आंदोलन को और व्यापकता के साथ तेज किया जाएगा। प्रदेश भर के विस्थापन, भू-अर्जन मामले से पीड़ित और संघर्षरत संगठनों के साझा संघर्ष विकसित करने के लिए आगे आएंगे। इस अवसर पर आयोजित शिविर में 51 लोगों ने रक्तदान किया और 517 ग्रामीणों के स्वास्थ परीक्षण कर दवाई वितरित किया गया। सैकड़ो लोग आयुष्मान कार्ड और मजदूर कार्ड से लाभन्वित हुए। धरम ब्लड बैंक चाम्पा, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. ई राम लाल, मेडिकल विशेषज्ञ डॉ. अनुज मोहन, आक्टोमेट्री तकनीशियन कार्तिक राम श्रीवास, नेहरू शताब्दी हॉस्पिटल गेवरा के मेडिकल स्टाफ,श्रम विभाग के रामरतन सिंह कंवर निरीक्षक वीरेंद्र राठौर, श्रम कल्याण निरीक्षक नीलेश राठौर, दिनेश कंवर, आयुष्मान कार्ड के लिए पूनम कुमार साहू ने अपनी सेवाएं दी ।

# 3 दिन से दर्री जोन के वार्डों में पानी की सप्लाई नहीं, लोग परेशान

### जानकारी के बाद भी पानी आपूर्ति की व्यवस्था नहीं की जोन अधिकारियों ने



**कोरबा,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम के दर्री जोन अंतर्गत पश्चिम क्षेत्र के लगभग 2 दर्जन इलाकों में 3-4 दिन से पानी की सप्लाई नहीं हुई है। पाइप लाइन की मरम्मत के कारण यह व्यवधान उत्पन्न होना बताया जा रहा है लेकिन इस अवरोध की जानकारी होने के बाद भी जोन के अधिकारियों द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के जरिए जलापूर्ति की कोई व्यवस्था नहीं किए जाने से लोगों में नाराजगी व्याप्त है।

पूर्व विधायक प्रतिनिधि रमेश दास महंत ने बताया कि पिछले 3-4 दिन से गोपालपुर सहित दर्री जोन के करीब 15 वार्डों में पानी की सप्लाई बाधित है। नगर निगम के पाइप लाइन से एक बूंद पानी भी नसीब नहीं हो रहा है। दूसरे लोगों के भरोसे और संसाधनों के सहारे लोग पानी की व्यवस्था कर काम चला रहे हैं लेकिन जोन की तरफ से कोई भी व्यवस्था टैंकर आदि के जरिए आज तक नहीं की जा सकी है। रमेश दास महंत ने जब इस बारे में जोन प्रभारी राहुल मिश्रा से बात किया तो उन्होंने पाइप लाइन में डिस्टर्ब होना बताया और संभवत: कल तक जलापूर्ति प्रारंभ हो जाने की बात कही।

दूसरी तरफ जानकारी मिली है कि कोहडिय़ा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट जहां से दर्री, जमनीपाली, बांकीमोंगरा, कुसमुंडा क्षेत्र के 25 वार्डों में पानी की आपूर्ति होती है, वह पाइप लाइन पोकलेन से क्षतिगस्त हो गया है। कोहडिय़ा बस्ती के आगे राखड़ पाटने का काम हो रहा है जिसके समतलीकरण के लिए पोकलेन लगाया गया है। उक्त स्थल के किनारे से जलापूर्ति की पाइप लाइन गुजरी है। उक्त पाइप लाइन को बुधवार को पोकलेन ने क्षतिग्रस्त कर दिया। इसकी जानकारी होने पर निगम के अधिकारियों द्वारा सुधार कार्य प्रारंभ किया गया लेकिन आज तक व्यवस्था दुरूस्त नहीं हो सकी है। इसकी वजह से लोगों को पानी की दिक्कत हो रही है किंतु वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं कराई गई।

## सार-संक्षेप

### आईटीआई में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**अम्बिकापुर** 11 अगस्त (देशबन्धु)। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से मतदान के प्रति जागरुकता फैलाने हेतु आयोजित गतिविधियों के तहत शुक्रवार को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अम्बिकापुर में कार्यक्रम के द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को मतदान की महत्ता एवं जानकारी देते हुए उन्हें मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान ऐसे युवा जिनकी उम्र 01 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष पूर्ण होने वाली है, अथवा हो चुकी है और जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ा है, उनका वोटर हेल्प लाईन एप द्वारा फार्म 06 भरवाया गया। इसके साथ ही शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु छात्राओं द्वारा रैली, मानव श्रृंखला नारे आदि गतिविधियां करवायी गई। इस अवसर पर छात्रों में वोटिंग ई.व्ही.एम. मशीन के प्रति जागरुकता उत्पन्न करने एवं किसी भी प्रकार के संशय को समाप्त करने हेतु ई.व्ही.एम. मशीन की प्रदर्शनी लगाकर मॉक पोल करवाया गया।

### एकेडेमिक हॉइट्स पब्लिक स्कूल को विद्यार्थियों ने किया शैक्षिक भ्रमण



**मनेन्द्रगढ़,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय एकेडेमिक हॉइट्स पब्लिक स्कूल के कक्षा पांचवी एवं छठवीं के लगभग 100 विद्यार्थी एवं शिक्षकों ने 8 अगस्त 2023 को राजनगर ओपन कॉस्ट कोयला खदान का भ्रमण किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रत्येक विद्यार्थी को पाठ्य पुस्तकों के अध्ययन के साथ-साथ एक्सपीरिएन्सियल लर्निंग भी कराना आवश्यक है। इसी के तहत विद्यार्थियों को कोयला खदान के बारे में विस्तृत जानकारी देने के लिए राजनगर खदान के भ्रमण पर ले जाया गया। विद्यार्थियों को कोयला खदान के बारे में माइनिंग इंजीनियर श्री जे. वी. रमन मूर्ति ने विस्तार से समझाया। विद्यार्थियों ने प्रतिदिन होने वाले कोयला उत्पादन की मात्रा, कोयला कहाँ सप्लाई किया जाता है, कोयले के ग्रेड इत्यादि के बारे में जानकारी हासिल की। विद्यार्थियों में खदानों में उत्पादन कार्य में लगे बड़ी-बड़ी मशीनों जैसे शॉवेल, ड्रगलाइन, 250 टन डम्पर, ड्रिल मशीन, लोडर इत्यादि के बारे में बारीकी से समझे। इस भ्रमण में विद्यार्थी काफी उत्साहित दिखे तथा देश की अर्थव्यवस्था में कोल इंडिया लिमिटेड जो कि भारत सरकार की एक मिनी रत्न कंपनी है के भागीदारी के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को भी आगे चलकर इस प्रकार की सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में उच्च पदों पर आसीन होकर देश सेवा की प्रेरणा मिलती है। एकेडेमिक हॉइट्स पब्लिक स्कूल परिवार एवं प्रबंधन एस.ई.सी.एल. के पदाधिकारी को धन्यवाद ज्ञापित करता है, कि उन्होंने हमारे विद्यार्थियों को खदान के भ्रमण की अनुमति प्रदान की तथा अपना बहुमूल्य समय निकालकर विद्यार्थियों को भ्रमण कराया ।

### प्रभारी मंत्री ने कोरिया मिलेट्स कैफे में मिलेटस व्यंजनों का लिया स्वाद



**बैकुण्ठपुर,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग के मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री मोहन मरकाम ने आज कोरिया मिलेट्स कैफे कैलेंडर का विमोचन कर कलेक्टरेट परिसर में बने कोरिया मिलेट्स कैफे पहुंचकर लिया मिलेट्स व्यंजनों का लुफ्त। उनके साथ बैकुंठपुर विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, एसडीएम श्रीमती अंकिता सोम तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। श्री मरकाम ने कैफे का संचालन कर रहीं समूह की दीदियों से बात कर कैफे की जानकारी लेते हुए विक्रय तथा लाभ के सम्बंध में पूछा। उन्होंने यहां कोदो की खीर, रागी का चीला, ज्वार गुलाब जामुन, अन्य व्यंजनों का स्वाद लिया तथा स्वयं फीडबैक फॉर्म भरकर, समूह की दीदियों का उत्साहवर्धन करते हुए शुभकामनाएं दीं।

### संभागायुक्त आवारा मवेशियों को सड़कों से हटाने की कार्यवाही की करेंगी समीक्षा


**अम्बिकापुर** 11 अगस्त (देशबन्धु)। माननीय उच्च न्यायालय के विषयांकित आदेश एवं मुख्य सचिव द्वारा दिये गए निर्देशों के परिपालन में सरगुजा संभागयुक्त श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी द्वारा सड़कों पर आवारा पशुओं के कारण हो रही दुर्घटनाओं में जान-माल की क्षति को रोकने हेतु विभिन्न प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं निगरानी के संबंध में अब तक विभागों द्वारा की गई कार्यवाही के संबंध में समीक्षा की जाएगी। इस हेतु संभाग के समस्त जिलों के कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत को पत्र जारी किया है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (स्वान) के माध्यम से दिनांक 12 अगस्त 2023 को प्रातः 11.00 बजे से यह समीक्षा बैठक आयोजित की गयी है। उक्त वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में स्वान के माध्यम से अद्यतन जानकारी के साथ सभी विभागों को जुड़ने होने कहा गया है।

# डिप्टी सीएम सिंहदेव फहराएंगे तिरंगा, कलेक्टर ने विभागों को सौंपे दायित्व

**अम्बिकापुर** 11 अगस्त (देशबन्धु)। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का गरिमामय आयोजन 15 अगस्त 2023 को अम्बिकापुर के पुलिस लाईन स्थित पुलिस ग्राउंड में होगा। समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री श्री टीएस सिंहदेव ध्वजारोहण करेंगे व परेड की सलामी लेंगे। इस वर्ष आजादी के अमृत महोत्सव की समाप्ति के अवसर पर हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस समारोह में 15 अगस्त को प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण एवं सलामी, मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण, मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, कपोत उड्डयन, मुख्य अतिथि द्वारा रंगीन गुब्बारा उड्डयन, हर्ष फायर, मार्च पास्ट, शहीद परिवार के सदस्यों का सम्मान, उत्कृष्ट अधिकारी कर्मचारी एवं नागरिकों का सम्मान किया जाएगा। कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की बेहतर तैयारियों के संबंध में समस्त विभागों को दायित्व सौंपे हैं।

राज्य शासन द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन के संबंध में ज़रूरी दिशा-निर्देश जारी -

राज्य शासन द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन के संबंध में ज़रूरी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। स्वतंत्रता दिवस पर सभी शासकीय और सार्वजनिक भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सभी शासकीय, सार्वजनिक भवनों, राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रोशनी की जाएगी। इसी प्रकार निजी संस्थाओं से भी उनके भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने और रात्रि में भवनों पर रोशनी करने की अपील की जाएगी। विभाग और कार्यालय प्रमुख द्वारा अपने कार्यालयों में अधिकारियों-



कर्मचारियों को एकत्रित कर ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया करेंगे और ध्वजारोहण के बाद सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गान (जन-गण-मन) गाया जाएगा। विश्वविद्यालय, महाविद्यालयों और विद्यालयों में भी ध्वजारोहण कार्यक्रम किया जाएगा। इसी तरह सभी शिक्षण संस्थाओं में भी ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और सांस्कृतिक, साहित्यिक, मनोरंजन के कार्यक्रम, खेल-कूद, वृक्षारोपण आदि कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। शिक्षण संस्थान द्वारा सुबह 'प्रभात-फेरी' का आयोजन किया जाएगा। विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के बाद पुरस्कार, प्रमाण-पत्र, मेडल आदि वितरण का कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वनि विस्तारक यंत्र (लाउड स्पीकर) का उपयोग की अनुमति जिला कलेक्टर द्वारा दी जाएगी। यह ध्यान रखा जाए कि ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाए जाने वाले गाने सुरूचिपूर्ण और सामयिक हो।

जिला मुख्यालय के साथ जनपद मुख्यालयों में आयोजन किये जायेंगे। जनपद पंचायत मुख्यालयों पर जनपद अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाए। उसके बाद सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया जाए और मुख्य अतिथि द्वारा भाषण दिया जाए। ऐसी नगर पालिका, नगर पंचायत, जिनका मुख्यालय विकासखण्ड मुख्यालय पर नहीं है, उनमें अध्यक्ष नगर पालिका, नगर पंचायत द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। पंचायत मुख्यालयों में सरपंच द्वारा और बड़ेगांव में, गांव के मुखिया द्वारा ध्वजारोहण कर सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गान गाया जाए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को स्वतंत्रता दिवस का महत्व बताते हुए उन्हें देश की एकता और अखण्डता के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाए।

# शासन की योजनाओं लाभ कार्ययोजना बनाकर लोगों तक पहुंचाएं- मरकाम




**बैकुण्ठपुर,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग के मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री मोहन मरकाम ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष के छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर शासन की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की परिकल्पना ''गढ़बो नवा छत्तीसगढ़'' के आधार पर हमारा

प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है, अन्य प्रदेश की सरकारों ने छत्तीसगढ़ की जनकल्याणकारी योजनाओं को सराहा है। प्रभारी मंत्री श्री मरकाम ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों से आग्रह किया कि जो भी दिशा-निर्देश प्रेषित किए जाते हैं, उसका सही ढंग से क्रियान्वयन हम सभी की जिम्मेदारी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु ऐसे ही सजग और प्रयासरत रहे तथा कोरिया जिला सभी क्षेत्रों में आगे बढ़े। समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री श्री मोहन मरकाम ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री की मंशा है,कि व्यक्तिगत वनाधिकार पत्रक धारियों को मनरेगा के अंतर्गत भूमि समतलीकरण व अन्य कार्य के लिए प्राथमिकता से कार्य स्वीकृत की जाये, जिससे वे आर्थिक रूप से मजबूत हो सकें।

उन्होंनें प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्यो को भी शीध्र पूर्ण करने को कहा, स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में प्रभारी मंत्री ने मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना के सम्बन्ध में जनता के बीच मे क्या प्रतिक्रिया है, इसकी जानकारी लेते हुए बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने को कहा, जिससे सरकार के अच्छे कार्यो की जानकारी आम जनता तक पहुँच सकें। उन्होनें कंजक्टिवाइटिस बीमारी को देखते हुए छात्रावास-आश्रमो व स्कूलो के बच्चों को विशेष सावधानी बरतने हेतु निर्देशित करने को कहा। प्रभारी मंत्री ने कृषि विभाग के अधिकारी से जिले में खाद्य बीज की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए खाद्य बीज की काला बाजारी न हो इसके लिए सतत् रूप से दुकानों का निरीक्षण करने के निर्देश दिये। उन्होनें उप संचालक कृषि से राजीव गांधी किसान न्याय योजना तथा अन्य योजनाओं से अधिक-अधिक कृषको को लाभान्वित करने को कहा। गोधन न्याय योजना की समीक्षा में श्री मरकाम ने जिले के गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट उत्पाद व गौठानों में कार्यरत स्व. सहायता समूहो की जानकारी ली तथा अधिक से अधिक महिला स्व.सहायता समूह को जोड़ने के निर्देश दिये तथा जिले मे रीपा अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी लेते हुए क्षेत्र के युवाओं की अधिक से अधिक रोजगार से जोड़ने को कहा।

उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा सकेगी। श्री मरकाम ने कहा कि सड़के विकास की लाइफ लाईन होती है, अतः सड़को का नियमित रूप से मरम्मत व नवीनीकरण का कार्य करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग व प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों को दिये। बैठक में उन्होनें जिला खनिज संस्थान न्यास योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्यो की जानकारी ली तथा इस मद की राशि का उपयोग आवश्यकता के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर जिले के विकास कार्यो में करने को कहा। उन्होनें आदिवासी विकास विभाग के अंतर्गत संचालित छात्रावास -आश्रमों के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा की कन्या छात्रावासों-आश्रमों में सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें साथ ही कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति छात्रावास परिसर में प्रवेश ना कर सके। प्रभारी मंत्री ने कहा कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का लाभ क्षेत्र के आदिवासी छात्र-छात्राओं को मिले इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। इसी प्रकार प्रभारी मंत्री ने अन्य विभागों की गहन समीक्षा करते हुए जिला स्तरीय अधिकारियों को शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ आमजनो तक पहुचानें हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में संसदीय सचिव एवं बैकुण्ठपुर क्षेत्र की विधायक श्रीमती अम्बिका सिंहदेव, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष वेंदाती तिवारी, पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, वनमण्डलाधिकारी श्रीमती प्रभाकर खलखो, अपर कलेक्टर श्रीमती नंदिनी साहू, संयुक्त कलेक्टर नीलिम टोप्पो सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### शाला जतन योजना की समीक्षा

*शिक्षा विभाग की समीक्षा में प्रभारी मंत्री ने मुख्यमंत्री शाला जतन योजना के अंतर्गत मरम्मत व अन्य निर्माण कार्यो की प्रगति की जानकारी लेते हुए गुणवत्ता पूर्ण कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होनें स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम स्कूलो में प्रवेशित छात्र-छात्राओं की जानकारी ली। श्री मरकाम ने कहा कि सरकार की मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पढ़ सके। प्रभारी मंत्री ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत चल रहे जल जीवन मिशन के कार्यो को गुणवत्तापूर्ण करने को कहा।*

### रोझी और बड़वाही एफ़आरए आदर्श ग्राम घोषित



**मनेंद्रगढ़,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार एमसीबी ज़िले में एफ़आरए आदर्श ग्राम घोषित किया गया। कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा ने बुधवार को मनेंद्रगढ़ में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर मनेंद्रगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत रोझी और भरतपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत बड़वाही को एफ़आरए आदर्श ग्राम घोषित किया। इस अवसर पर भरतपुर-सोनहत विधायक गुलाब कमरो भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने ताली बजाकर इस घोषणा का स्वागत किया। एफ़आरए आदर्श ग्राम में सभी विभागों के द्वारा शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन किया जा रहा है।

# पीसीपीएनडीटी का ब्लाक स्तर पर होगा प्रचार




**अम्बिकापुर,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के मंथन सभा कक्ष में शुक्रवार को जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पी.सी.पी.एन.डी.टी एक्ट अंतर्गत जिला सलाहकार समिति के समक्ष नवीन एवं नवीनीकरण हेतु प्राप्त 10 आवेदन, जिनमें 02 शासकीय संस्था एवं 8 निजी संस्था के आवेदन प्रस्तुत किए गए। संस्थाओं के नवीनीकरण हेतु सलाहकार समिति की अनुशंसा ली गई।

बैठक में लिंगानुपात एवं भ्रूण हत्या की रोकथाम एवं पंजीयन वैधता सहित फार्म एफ पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला सलाहकार समिति की बैठक में 02 नवीन जिला स्तरीय निरीक्षण दल का गठन किया गया। इस दौरान बताया गया कि जिले में संचालित एवं पंजीकृत सोनोग्राफी संस्थाओं के द्वारा प्रत्येक माह के 05 तारीख तक रिपोर्ट भेजना अनिवार्य है, रिपोर्ट समय पर प्राप्त नहीं होने पर पी. सी. पी. एन.डी.टी एक्ट के अंतर्गत नोटिस जारी की जायेगी। पी. सी. पी. एन.डी.टी एक्ट के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर व विकासखण्ड स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर एन गुप्ता, सिविल सर्जन डॉ. जे. के. रेलवानी, जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. वाई. के.किंडो, जिला नोडल अधिकारी पी.सी.पी.एन.डी.टी. राजेश गुप्ता, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. के.आर.टेकाम स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.किरण भजगावली, सहा जिला अभियोजन अधिकारी जितेश्वरी सोनवानी, सदस्य सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. पुष्पा सोनी, सदस्य सामाजिक कार्यकर्ता सुश्री वन्दना दत्ता शामिल थे।

# आजादी का अमृत महोत्सव 'मेरी माटी मेरा देश'

### वसुधा वंदन कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायतों में रोपे जा रहे पौधे

**अम्बिकापुर** 11 अगस्त (देशबन्धु)। आजादी का अमृत महोत्सव का समापन समारोह मेरी माटी मेरा देश अभियान के साथ होगा। कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के निर्देशन में जिले में अभियान अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। कार्यक्रम के अंतर्गत शिलाफलकम, पंचप्राण शपथ वसुधा वंदन, वीरो का नमन एवं राष्ट्रगान तथा ध्वजारोहण का कार्यक्रम होगा जिसमें मेरी माटी, मेरा देश वसुधा वंदन कार्यक्रम तहत वृक्षारोपण किया जाएगा। जिसके तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम 75 स्वदेशी पौधे लगाए जाएंगे। इसका आयोजन 15 अगस्त तक होगा। अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में वीरों को याद करते हुए शिलापलकम लगाया जाएगा और पंचप्राण शपथ ली जाएगी। आयोजित कार्यक्रम के साथ सेल्फी अपलोड की जाएगी। कार्यक्रम में 15 अगस्त को राष्ट्रीय ध्वज के बाद राष्ट्रगान का भी आयोजन किया जाएगा।

जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नूतन कुमार कंवर ने सभी जनपद पंचायत को पत्र जारी कर आवश्यक तैयारियां करने को लेकर निर्देश दिए हैं। आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत मिट्टी को नमन, वीरों का वंदन इसकी टैगलाइन है वसुधा वंदन कार्यक्रम के तहत जनभागीदारी से प्रत्येक गांव में कम से कम 75 पौधरोपण किया जाना है जिसके लिए सभी ग्राम पंचायतों में स्थल का चयन कर वृक्षारोपण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

इस अभियान के तहत स्वदेशी पौधे वन विभाग एवं उद्यानिकी विभाग के महात्मा गांधी नरेगा द्वारा तैयार नर्सरी के द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे है। अमृत सरोवर तालाब के आसपास कार्यक्रम आयोजित किया रहा है, जिस ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर नहीं है ऐसी स्थिति में किसी भी जलाशय के आसपास, पंचायत भवन, स्कूल, ऐसी भूमि जहां पर वृक्षारोपण के लिए पर्याप्त स्थल उपलब्ध हो तथा चारों ओर से बाउंड्री बनी हो वहां पर पौधे लगाए जाएंगे।

# शासकीय कार्यक्रमों में उपेक्षा किये जाने से जिले के कांग्रेसी नाराज

### कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**मनेंद्रगढ,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। जिले मे आयोजित शासकीय कार्यक्रमों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आमंत्रित नही किये जाने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में काफी नाराजगी देखने को मिली। कांग्रेस के सभी प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष सहित सांसद प्रतिनिधि ने कलेक्टर से मुलाकात कर कहा कि वर्षों के संघर्ष के बाद मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर अलग होकर एक नये जिले के रूप में विकसित हुआ है जिससे इस जिले के सभी लोगों के मन में भारी उत्साह और उमंग है। कांग्रेस सरकार ने इसे जिले के रूप में गठित किया है। इस जिले के दोनों ही विधानसभा सीटों में कांग्रेस पार्टी के विधायक है साथ ही राज्य में कांग्रेस की सरकार है। उसके बावजूद जिले के अंदर आयोजित होने वाले शासकीय कार्यक्रमों में कांग्रेस के संगठन से जुड़े लोगों और सांसद प्रतिनिधियों को आमंत्रित ना करना यह दर्शाता है कि प्रशासनिक अधिकारी, कांग्रेस संगठन के लोगों, सांसद प्रतिनिधियों की उपेक्षा कर रहे हैं जिससे



संगठन के लोग काफी निराश हैं। इसका एक जीवंत उदाहरण है। कुछ दिनों पूर्व आयोजित विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में संगठन के किसी भी व्यक्ति को आमंत्रण पत्र नहीं दिया गया यहां तक की संगठन के जिला आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष तक को आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में नहीं बुलाया गया जो अत्यंत दुर्भाग्य का विषय है। इस अवसर पर कांग्रेसी नेताओं ने कहा की विश्व आदिवासी दिवस के दिन संगठन से जुड़े किसी भी व्यक्ति को ना आमंत्रित किये जाने के संबंध में नगर निगम/ नगर पालिका / जनपद पंचायत के जो भी संबंधित अधिकारी कर्मचारी दोषी हैं उन पर कार्यवाही की जाये साथ ही इस तरीके की घटना की पुनरावृत्ति ना हो इसको भी सुनिश्चित किया जाये। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के दौरान राजेश शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष मनेंद्रगढ़, अशोक श्रीवास्तव सांसद प्रतिनिधि खड़गवां जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस, हाफिज मेमन जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस, कासिम अंसारी जिला अध्यक्ष एनएसयूआई शहरी, दिव्यम पांडे जिला अध्यक्ष एनएसयूआई ग्रामीण, वीरू खान जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक कांग्रेस, राणा दास जिला अध्यक्ष सेवादल, राजकुमार जैन सांसद प्रतिनिधि नगर पालिका परिषद मानेंद्रगढ, सुरेंद्र पाल माखीजा सांसद प्रतिनिधि जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़, राजकुमार केशरवानी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनेंद्रगढ़, सौरव मिश्रा प्रवक्ता जिला कांग्रेस, युधिष्ठिर कमरों जिला अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस, समीना खातून जिला अध्यक्ष महिला सेवा दल, स्वप्निल सिन्हा प्रदेश महासचिव एनएसयूआई,सौरभ गुप्ता, अमित पोदार जिला अध्यक्ष कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ सहित कई अन्य लोग भी मौजूद रहे। इस तरीके से जिला निर्माण के बाद सभी प्रकोष्ठ के प्रमुखों को एक साथ होते पहली बार देखा गया।

देशबन्धु
बिलासपुर
शनिवार, 12 अगस्त 2023



# कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खड़गे की कल सभा

## जिला मुख्यालय मे कांग्रेस का होगा भरोसे का सम्मेलन

## कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी शैलजा और पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने लिया तैयारियों का जायजा

## विधानसभा अध्यक्ष, प्रभारी मंत्री, कमिश्नर, डीआईजी, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण



**जांजगीर**, 11 अगस्त (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय मे 13 अगस्त को आयोजित भरोसे के सम्मलेन की तैयारी जोर शोर से चल रही है। पुलिस ग्राउंड मे आयोजित इस सम्मलेन मे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खड़गे और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ सत्ता और संगठन के पदाधिकारी शामिल होंगे, इसकी तैयारी का जायजा लेने के लिए आज कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी शैलजा और पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के साथ विधानसभा अध्यक्ष चरण दास महंत और प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल जांजगीर पहुँचे और तैयारियों का जयाजा लिया।छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी शैलजा कुमारी ने मिडिया से चर्चा करते हुए भरोसे के सम्मलेन को ऐतिहासिक बताया उन्होंने कहा कि प्रदेश कि जनता इस कार्यक्रम के लिए काफ़ी उत्साहित है। इस कार्यक्रम में सरकार की कई योजनाओं का लोकार्पण होगा, जिसका लाभ जनता को मिलेगी। उन्होने सरकार के कार्यों की सराहना की तथा मीडिया के सवालों पर कहा कि विधानसभा चुनाव का शंखनाद 5 साल पहले हो चुका है। उन्होंने कहा कि इस बार राज्य सरकार के विकास कार्यों को लेकर विधानसभा चुनाव लड़ा जाएगा। इस चुनाव मे कई नये व अनुभवी चेहरे नजर आएंग। शैलजा कुमारी ने केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए जन विरोधी होने का आरोप लगाया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नव नियुक्त अध्यक्ष दीपक बैज भी कार्यक्रम कि तैयारी का जायजा लेने पहुचे थे,वे श्री खड़गे के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए कार्यकर्ताओ को टीप दिए। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के लिए तैयारी शुरु कर दी है, इस बार प्रदेश मे जीतने वाले नये युवाओ को भी टिकट दिया जायेगा। उन्होंने मीडिया के सवालों को जवाब देते हुए कहा कि समय कम होने के बावजूद पूरे विधानसभा में पहुंचने की कोशिश करेंगे, वही संगठन एवं सत्ता में तालमेल बनाकर कार्य किया जाएगा।

### सुरक्षा को लेकर पुलिस ने की चाक-चौबंद व्यवस्था

13 अगस्त को भरोसे के सम्मेलन में सुरक्षा को लेकर पुलिस ने चाक चौबंद व्यवस्था की है। कार्यक्रम के दूर में पार्किंग की व्यवस्था के साथ-साथ वीआईपी एवं आम लोगों के सुविधा के लिए बेर्रीकेट्स लगाकर आने जाने की व्यवस्था की है । इस कार्यक्रम के लिए भारी संख्या में जांजगीर-चांपा जिले के अलावा आसपास के जिलों से पुलिस बल बुलाये गए हैं।

## सार-संक्षेप

### कांग्रेस को जिले के गठन तो भाजपा को रेल के मुद्दे पर मिलेगी संजीवनी?



दीपक थवाईत

**सारंगढ़**, 11 अगस्त (देशबन्धु)। सन 1952 से जिले की लगातार की गई मांग के बाद कई बार सर्वे होने के बाद भी इधर रेल लाईन की मांग अब तक पूरी नहीं हो पायी है। सारंगढ को जिला बनाने के लिए हर वर्ग के नागरिकों के संघर्ष की अनगिनत कहानियां हैं रेल लाइन की मांग भी सारंगढ में काफी पुरानी है तथा इसके लिए सबसे पहले के सर्वे में सारंगढ से सराईपाली रायपुर तक के रेल लाइन की परिकल्पना की गई थी। बाद में यह ठण्डे बस्ते में चला गया । बाद में जब सासंद पीआर खुंटे द्वारा प्रमुखता से रेल लाईन की मांग करने पर रायपुर बलौदाबाजार सारंगढ झारसुगुड़ा के रेल लाइन के लिए सर्वे किया गया। इसका टेंडर भी 2017 में जारी हो गया था। बाद में यह भी ठण्डे बस्ते में चला गया। इस बार सासंद गोमती साय के विशेष प्रयास से विगत दिनों एक केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिला। इस रेल लाइन केसर्वे के लिए राशि जारी करने व बजट में शामिले करने की मांग की गई। आगामी दिनों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रायगढ क्षेत्र में होने वाली आमसभा की संभावनाओं को देखते हुए इस आमसभा में उक्त रेल लाइन की घोषणा की प्रबल संभावना भी व्यक्त किया जा रहा है तथा यदि यह घोषणा हो जाती है तो इससे ही भाजपा को संजीवनी मिल सकती नहीं तो वर्तमान में तो कांग्रेस के जिला बनाने का मुद्दा ही भारी नजर आ रहा है।

### सुजेय व आयुश ने जीती अंतर्राज्यीय बैडमिंटन प्रतियोगिता



**सारंगढ** 11 अगस्त (देशबन्धु)। इंदौर में आयोजित योनेक्स सनराइज वेस्टजोन अंतर्राज्यीय बैंडमिंटन चैम्पियनशिप डब्ल्स प्रतियोगिता को जय प्रकाश व सूजेय तम्बोली व आयुश माखीजा ने जीतकर छत्तीसगढ़ का मान बढाया है। सुजेय तम्बोली पत्रकार दीपक थवाईत के रिश्तेदार हैं।

### अधिवक्ताओं ने डभरा में किया एक दिवसीय सांकेतिक धरना




**डभरा**, 11 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य अधिवक्ता संघ के आह्वान पर डभरा तहसील अधिवक्ता संघ द्वारा सुरक्षा कानून एवं 10 लाख तक मृत्यु दावा सामूहिक जीवन बीमा राशि लागू किए जाने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने नगर डभरा में सांकेतिक एक दिवसीय धरना रैली की गई। अधिवक्ताओं द्वारा अपने मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार के नाम ज्ञापन तहसीलदार को दिया जिसमें छत्तीसगढ़ सरकार से अधिवक्ताओं के हित में सुरक्षा कानून एवं 10 लाख मृत्यु दावा बीमा राशि को तत्काल लागू करने की मांग की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नर्मदा प्रसाद बाजपेई, बुद्धेश्वर पटेल अध्यक्ष तहसील संघ डभरा,संतोष कुमार चंद्रा, रामकुमार पटेल, उमाशंकर डनसेना, हसीन मोहम्मद, हुकुम नारायण पटेल, धनंजय कुमार कहरा, रामजीवन थवाईत, लालबहादुर जायसवाल, खोभराम पटेल, धनेश्वर पटेल, घनश्याम साहू, रामसिंह महेश्वरी, नेतराम सिंह राठौर, जेपी राठौर, एलसी द्विवेदी, जेपी कर्ष, लता चंद्रा सहित तहसील डभरा के अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### कोषालयीन कर्मचारियों द्वारा कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जांजगीर, 11 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषालीयन शासकीय कर्मचारियों संघ जिला जांजगीर-चांपा द्वारा पांच सूत्रीय मांग के संबंध में अपर कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में विगत दिनों संघ द्वारा पांच सूत्रीय मांग के संबंध में शासन को ज्ञापन दिया गया था इसके बावजूद शासन द्वारा कोषालय संवर्ग की वेतन विसंगति, अधीनस्थ लेखा सेवा के पद बढ़ाने, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की वेतन विसंगति, तृतीय समयमान के मांगो पर कोई पहल नहीं करने के कारण प्रांतीय आव्हान पर प्रथम चरण में 07 अगस्त से 11 अगस्त तक काली पट्टी लगाकर कार्य किये तथा 11 अगस्त को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। मांग पूरा नहीं होने पर दूसरे चरण में संभाग स्तर पर 26 अगस्त को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन, तीसरे चरण में 08 सितम्बर 2023 को मुख्यमंत्री निवास घेराव एवं चौथे चरण में कोषालय के समस्त कर्मचारी 25 सितम्बर 2023 से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जायेंगे। ज्ञापन सौंपते समय ज्ञानेश्वर बरेठ (स.को. अ), रामाधीन साहू (जिलाध्यक्ष), कमल किशोर कुर्रे, किरण कुमार देवांगन, जमुना प्रसाद धनुवार, संजय बंजारे, श्रीमती ललिता शांडिल्य, जागेश्वर सिंह मरकाम, आशीष सराफ आदि अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित थे।

### मनहरणलाल यादव का निधन



**जांजगीर**, 11 अगस्त (देशबन्धु)। नगर के वार्ड क्रमांक 7 नहरिया बाबा मंदिर रोड निवासी प्रतिष्ठित नागरिक मनहरणलाल यादव का देहावसान 8 अगस्त को हो गया उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया । वे सुरेश यादव (आबकारी विभाग ) व अशोक यादव एसईसीएल के पिता थे । उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## सर्पदंश से युवती की मौत



डभरा,11 अगस्त (देशबन्धु)। डभरा क्षेत्र के ग्राम साराडीह की है जहां एक युवती को विषैले सांप के डसने से उसकी मौत हो गई। डुलशन बेबी पिता चंदराम सिदार उम्र 24 वर्ष 10 अगस्त को दोपहर घर के अंदर किचन रूम में खाना खाते समय विषैले सांप ने लड़की के जांग में काटने से अचानक घर में तबीयत बिगड़ी सांप का जहर शरीर में फैल चुका था । तब लड़की के घरवालों ने आनंन फानन में तत्काल इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डभरा लाया गया जहां डॉक्टरों के द्वारा मृत घोषित किया गया। मृतिका के शव को रातभर अस्पताल के बरामदे में रखा गया वही पुलिस द्वारा शव का पंचनामा किया गया और पंचनामा कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों द्वारा पोस्टमार्टम कर शव को परिजनों को सौंप दी गई।

## प्रधान पाठक पदस्थापना की जांच की आंच डीईओ कार्यालय तक

**जांजगीर**, 11 अगस्त (देशबन्धु)। सहायक शिक्षक एलबी से प्रधान पाठक पद पर पदोन्नति और पदस्थापना में गड़बड़ी की जांच की आंच जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय तक पहुंच गई है। यहां के स्थापना खंड प्रभारी सहायक ग्रेड 2 ताराचंद पांडेय को लोक शिक्षण संचालनालय से कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। नोटिस में कहा गया है कि डीईओ कार्यालय द्वारा सहायक शिक्षक एलबी से प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति और पदस्थापना के बाद संशोधन में गड़बड़ी की जांच में संयुक्त संचालक ने प्रमाणित पाया है। पदोन्नति के बाद 50 सहायक शिक्षक एलबी की पदस्थापना अनिमित तरीके से की गई है।

इनमें से 16 शिक्षकों का ग्रामीण क्षेत्रों की संस्थाओं में संशोधन के बाद शहरी संस्थाओं में पदांकन किया गया है। राशि लेकर पहले जारी आदेश में संशोधन कर प्रधान पाठक के पद पर 2-3 माह बाद रिक्त होने की प्रत्याशा में पदांकन किया गया है। ऐसे में यहां दोनों प्रधान पाठक हो गए हैं। नोटिस में कहा गया है कि शिकायतकर्ता ने यह बताया है कि




### सेवानिवृत्ति से पहले पहुंच गए प्रधान पाठक

जिले के कई स्कूलों में प्रधान पाठकों के सेवानिवृत्त होने में दो से तीन माह बाकी है मगर उनकी सेवानिवृत्ति से पहले ही नया प्रधान पाठक पदस्थ कर दिया गया है। जानकारों का कहना है कि मनचाहा स्कूल लेने के लिए 2 से साढ़े 3 लाख तक लेनदेन हुआ है। इनमें से कुछ राशि बिचौलियों में भी बंटी है। बहरहाल मामले की जांच पूर्ण होने पर स्पष्ट होगा कि किसकी किसकी संलिप्तता रही है।

इस प्रकरण में डीईओ से ज्यादा दोषी स्थापना खंड प्रभारी ताराचंद पांडेय हैं। जो खुलेआम दुकान खोलकर पैसे की मांग करता रहा और पैसा पा जाने के बाद ही स्थान संशोधन के लिए फाइल पेश करता था। चूंकि वे डीईओ कार्यालय के कर्मचारी हैं इसलिए डीईओ उनके विरूद्ध कार्रवाई करेंगे ही नहीं। पदस्थापना स्थान संशोधन में पांडेय पूर्णत दोषी हैं। उनसे शिक्षकवार पदस्थापना संशोधन के संबंध में स्पष्टीकरण और प्रमाणित दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया है। ज्ञात हो कि जिले में पदस्थापना संशोधन के खेल में कुछ शिक्षक नेता भी जुड़े हैं इनके माध्यम से लेनदेन किया गया है। बम्हनीडीह, नवागढ़, बलौदा ब्लाक में ये गड़बड़ी अधिक हुई है। डीईओ कार्यालय के सहायक ग्रेड 2 को नोटिस जारी होने से कार्यालय में हड़कंप है और इस मामले में और कई लोगों की संलिप्तता उजागर होने की संभावना है।

## चोरी के मामले में बाराद्वार पुलिस को एक और सफलता



**जांजगीर**, 11 अगस्त (देशबन्धु)। नेहरू चौक बाराद्वार के एक घर में हुए चोरी के मामले में पुलिस को एक और सफलता मिली है। बाराद्वार पुलिस ने आरोपी को जम्मू से गिरफ्तार किया।

नेहरू चौक बाराद्वार निवासी राजेश केडिया के घर मे थे, अज्ञात आरोपियों के द्वारा उनके घर में घुसकर नगद 4 लाख सहित सोने चांदी के जेवर कीमती 5 लाख 50 हजार की चोरी कर लिए थे,घटना की सूचना पर तत्काल थाना बाराद्वार को दिए जाने पर थाना बाराद्वार में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 457 380 भा द वि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था । मामले में चोरी करने वाले आरोपी राजू खूंटे के साथ ही चोरी का सामन खरीदने वाले सुरेंद्र कसेर तथा ओम रिफाइनरी सक्ति के संचालक नवनाथ निकम को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। तथा उनके कब्जे से चोरी गए सोने चांदी के जेवरात व चोरी के 60,000 नगदी तथा अपराध में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को जप्त किया गया है। मामले में गिरफ्तार चोर राजू खुटे के द्वारा अपने दो अन्य साथी हिमायत खान और विनोद चंद्रा के साथ चोरी करना तथा उनका चोरी करने के बाद जम्मू भाग जाना बताया था, जिसके आधार पर पुलिस टीम जम्मू भेजी गई थी पुलिस टीम द्वारा आरोपी विनोद कुमार चंद्रा को जम्मू से अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी राजू खुटे के साथ मिलकर चोरी करना बताया तथा राजू खूंटे के द्वारा उसे ढाई लाख रूपए देना बताया । आरोपी के द्वारा ढाई लाख रुपए में से 59,000 खर्च कर देना बताया, शेष रकम 191000 को आरोपी विनोद चंद्रा के कब्जे से पुलिस द्वारा जप्त किया गया है। आरोपी विनोद चंद्रा के द्वारा पूछताछ के दौरान हिमायत खान अपराध में शामिल नहीं होना बताया। हिमायत खान के संबंध में पुलिस द्वारा विवेचना की जा रही है। मामले में आरोपी विनोद कुमार चंद्रा पिता मनी रामचंद्र उम्र 37 वर्ष, निवासी गुचकुलिया, थाना जैजैपुर, जिला शक्ती आज गिरफ्तार न्यायिक रिमांड पर शक्ती जेल दाखिल किया गया है ।

## नैला बलौदा रेलवे फाटक में ओवरब्रिज की मांग केन्द्रीय रेल मंत्री से मिले नेता प्रतिपक्ष चंदेल



**जांजगीर**, 11 अगस्त (देशबन्धु)। छ.ग. विधान सभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने जांजगीर-नैला रेल्वे स्टेशन के बलौदा मार्ग पर स्थित रेल्वे क्रासिंग पर शीघ्र ही रेल्वे ओवरब्रीज या अण्डरब्रीज तत्काल बनाये जाने की मांग को लेकर नई दिल्ली के संसद भवन में भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से उनके कक्ष में जाकर भेंट किया ।

नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने बताया कि नैला से बलौदा के मध्य स्थित रेल्वे फाटक में प्रतिदिन हर 5 मिनट में फाटक बंद होने के कारण जाम लगता है। तथा सैकड़ों की संख्या में वाहन दोनों तरफ जाम में फंस जाते है जिससे आम आदमी को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होने श्री वैष्णव से बलौदा फाटक 677/1-3 गेट नं. 345 में रेल्वे ओवरब्रीज या रेल्वे अण्डरब्रीज की स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। उन्होंने एक्सप्रेस गाड़ियों के ठहराव से संबंधित ज्ञापन सौंपा। जिसमें जांजगीर-नैला रेल्वे स्टेशन में दक्षिण बिहार एक्सप्रेस ,गोडवाना एक्सप्रेस, हीराकुंड एक्सप्रेस तथा चाम्पा रेल्वे स्टेशन में गीतांजली एक्सप्रेस के स्टापेज के संबंध में चर्चा करते हुए ज्ञापन सौंपा, साथ ही वि.खं. मुख्यालय, नगर पंचायत नवागढ़ में नवीन उप डाकघर खोलने की मांग संबंधित ज्ञापन भी सौंपा। नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने कहा कि ये सभी मांगे क्षेत्र एवं अंचल की दीर्घ मांगे है जिस पर रेल मंत्री ने आश्वासन दिया ।

## वरिष्ठों के मार्गदर्शन में चलकर सत्ता परिवर्तन संभव- अमर



**जांजगीर**, 11 अगस्त (देशबन्धु)। गौद शक्ति केन्द्र के गौद, अकलतरी एवं कसौंदी, मौहाडीह के वरिष्ठ बुजुर्गो का सम्मान कार्यक्रम रखा गया, साथ ही शक्ति केन्द्र के सभी कार्यकर्ताओं के साथ भोजन किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया ने कहा कि वरिष्ठों के मार्गदर्शन में चलकर ही सत्ता परिवर्तन संभव है, ऐसे वरिष्ठ जिन्होने अपने जीवन काल में पार्टी के लिए एवं समाज के कार्यो के लिए अपना महत्वपूर्ण समय दिया ऐसे वरिष्ठों के सम्मान करने से आत्म संतुष्टि मिलती हैं। एवं साथ हीं सभी पदाधिकारियों से कहा कि हमें सरकार बदलने के लिए बुथ स्तर पर पसीना बहाना पड़ेंगा। केन्द्र सरकार के 9 साल की योजनाओं किसान सम्मान निधि योजना, राम मंदिर निर्माण, 3 तलाक, कोरोना काल में फ्री वैक्सीन, वन्देभारत ट्रेन, जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मोदी ने जो विकास किया उसको घर-घर पहुंचाना हैं एवं रमन सिंह के 15 साल के कार्यो एवं योजनाओं को लोगो के बीच ले जाकर बताना होगा। लबरा कांग्रेस सरकार की साढ़े चार साल की नाकामी को जनता के बीच लेकर जाना होगा एवं जो 36 वादे किये थे उसे अब तक पुरे नही किये चाहे शराबबंदी हो,किसानों का धान का बोनस हो, बुजुर्गों का पेंशन जैसे कार्यो जिसे अब तक पूरा नही किया गया इस बात को जनता तक ले जाना होगा। गौद शक्ति केन्द्र के गौद, अकलतरी, कसौंदी एवं मौहाडीह के सीताराम कश्यप, धनेश्वर कश्यप, गणेश राम कश्यप, रेशम महाराज, ईश्वर कश्यप, रिपुसुदन कश्यप, भोलाराम कहरा, मिटठूलाल कश्यप को साल, श्री फल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हितेश यादव, जितेन्द्र खाण्डे, रवि पाण्डेय, जलेश्वर कश्यप, डाकवर कश्यप,सहित शक्ति केन्द्र के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## 'अर्जी हमारी मर्जी तुम्हारी' एक शाम बाबा श्याम के नाम का आयोजन



**खरसिया**, 11 अगस्त (देशबन्धु)। नगर के उत्साही श्याम भक्तों एवं लखदातार परिवार द्वारा एक शाम खाटू वाले बाबा श्याम के नाम के तहत अर्जी हमारी मर्जी तुम्हारी का आयोजन किया जा रहा है। बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार एवं भव्य पंडाल सज रहा है । अखण्ड ज्योत प्रज्जवलित कर बाबा श्याम को छप्पन भोग लगाया जाएगा। भजनों का यह कार्यक्रम 14 अगस्त को स्थानीय कन्या विवाह भवन परिसर में सांय 7.15 बजे से किया जा रहा है जिसमें देश के सुप्रसिद्ध भजन गायक सुरज शर्मा कोलकाता, प्रिया एवं प्राची ठाकुर दिल्ली एवं नगर के उभरते भजन गायक अभिषेक अग्रवाल भजन प्रस्तुत करेंगे। उक्त एक दिवसीय कार्यक्रम को लेकर श्याम भक्तों एवं लखदातार परिवार के सदस्य तरुण शर्मा, अभी अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, जयप्रकाश अग्रवाल, संजू बंसल, राजेश अग्रवाल, राहुल अग्रवाल सौरभ अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल , निशांत अग्रवाल ( फुडीज), शुभम अग्रवाल (फुडीज़) साकेत अग्रवाल ,शुभम अग्रवाल (वकील) ,सौरभ अग्रवाल ॥ ,केशव अग्रवाल ,राकेश अग्रवाल ,विकास अग्रवाल ,राघव अग्रवाल ,बबलू बेदी ,हर्ष गोयल ,आकाश अग्रवाल ,अमन मित्तल,हिमांशु अग्रवाल,बाली श्रीवास इस भक्तिमय कार्यक्रम के सफल बनाने जोर शोर से लगे हुए है।

## पावर ग्रिड में जाना वन्यजीवों का जीवन

**कोरबा**, 11 अगस्त (देशबन्धु)। वन्य जीवों का जीवन में महत्व के प्रति सर्पमित्र जितेन्द्र सारथी ने पॉवर ग्रिड के कर्मचारियों व उनके बच्चों को जागरूक किया। पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का अयोजन किया, जिसमें वाइल्डकाइफ रेस्क्यू टीम को आमंत्रित किया गया। जितेन्द्र सारथी और उनकी टीम ने वहां उपस्थित बच्चे, महिलाओं और स्टॉफ को पर्यवरण के महत्व को बताया साथ ही वन्य जीवों के साथ सांपों के विषय में जानकारी दिया गया। हमारे आने वाले पीढ़ी के लिए जंगल और वन्य जीव-जन्तु कितना ज़रूरी हैं इसे समझाया गया। कार्यक्रम को लोगों ने बड़ी उत्सुकता से जहां और सराहना किया। इस अवसर पर उदय प्रकाश (मुख्य महाप्रबंधक) अध्यक्षता राजेश वुसाला (सहायक प्रबंधक)- सेफ्टी अधिकारी, संजय सीताराम बोरकर(उपमहाप्रबंधक), राम इकबाल सिंह यादव (मुख्य प्रबंधक), प्रेम कुमार अजमीरा (प्रबंधक)एवं समस्त कर्मचारी, बच्चे आदि उपस्थित रहे। मुख्य महाप्रबंधक उदय प्रकाश ने कहा कि हम हर वर्ष इस तरह के कार्यक्रम करते हैं, जो हमारे लोगों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

